संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, गुरूवार, 28 मार्च 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को "भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर" विषय पर एक सेमिनार को संबोधित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18  अंक: 85  पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है। श्रीमद भगवत गीता"

मन की बात



"तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। ... `स्वामी विवेकानंद"

# जम्मू-कश्मीर से अफ्सपा हटाने पर करेंगे विचार: शाह

= वहां मौजूद जवानों को भी वापस बुलाया जा सकता है; सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव

**दो टूक**

8 जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को मोदी सरकार ने रिजर्वेशन दिया। महिलाओं को भी एक तिहाई आरक्षण दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार (27 मार्च) को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर्स एक्ट हटाने पर विचार करेंगे। वहां मौजूद जवानों को वापस बुलाने का भी प्लान बनाया जा रहा है। इसके अलावा अमित शाह ने राज्य में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने की भी बात कही है। अमित शाह ने एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में कहा कि सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी अब सिर्फ पुलिस को सौंपने की तैयारी की है। पहले वहां की पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता था, लेकिन अब पुलिस बड़े ऑपरेशन लीड कर रही है।

**जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को पहली बार रिजर्वेशन मिला:** अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को मोदी सरकार ने रिजर्वेशन दिया। महिलाओं को भी हमारी सरकार ने एक तिहाई आरक्षण दिया है। पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी रिजर्वेशन की व्यवस्था भी की गई। हमने ही एससी और एसटी के लिए रिजर्वेशन की जगह बनाई है। हमने गुज्जर और बकरवाल समुदाय की हिस्सेदारी कम किए बिना पहाड़ियों को 10 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों को यहां बसाने के लिए हमने विशेष प्रावधान किए हैं। हमारी सरकार इन सुविधाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रण लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कई बार इस आरक्षण व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन अब जनता उनके इरादे जान गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि 75 साल से इन लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस ने रिजर्वेशन क्यों नहीं दिया।

**जम्मू-कश्मीर में अब एक भी फेक एनकाउंटर नहीं होता:** अमित शाह ने कहा कि जब यहां आतंकवाद का दौर था, तब अब्दुल्ला इंग्लैंड के दौरे पर चले जाते थे। दोनों (अब्दुल्ला और महबूबा) को जम्मू कश्मीर के मुद्दों पर राय देने का कोई हक नहीं है। इन दोनों के कार्यकाल में बहुत फेक एनकाउंटर हुए थे।



**शाह की अपील- युवा पाकिस्तानी साजिश से दूर रहें**

अमित शाह ने कहा- लोगों के बिना सपोर्ट के ये बदलाव नहीं मिल सकते थे। जो लोग इस्लाम की बात करते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि मरने वालों में 85 फीसदी हमारे मुस्लिम भाई-बहन थे। मैं यहां के युवाओं से भी कहना चाहता हू कि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से हो रही साजिश से दूर रहना चाहिए। आज पाकिस्तान भुखमरी और गरीबी की मार झेल रहा है।

वहां के लोग भी कश्मीर को स्वर्ग के रूप में देखते हैं।

**आतंकवाद से जुड़े 12 संगठन बैन किए: शाह**

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 संगठनों को बैन किया है, जिनके तार आतंकवाद से जुड़े थे। हमारी सरकार में टेरर फंडिंग से जुड़े 22 केस दर्ज किए गए हैं। 150 करोड़ की संपत्ति भी सीज की है। साथ ही 134 बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए हैं।

**मोदी सरकार के कार्यकाल में आतंकवाद घटा:** अमित शाह ने कहा- 2010 में जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजी के 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हो गई है। 2004 से 2014 तक आतंकवाद की 7217 घटनाएं हुई थीं। अब इसमें 70 प्रतिशत की कमी आई है। 2014 से 2023 तक ये घटनाएं घटकर 2227 हो गई हैं।

# पंजाब में आप को झटका, जालंधर से सांसद रिंकू कुमार भाजपा में शामिल

**ज्वाइन की**

8 आप विधायक शीतल अंगुराल ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन कर ली





**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर:** पंजाब में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जालंधर से आम आदमी पार्टी के सांसद रिंकू कुमार दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे हैं। भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसी के साथ आप विधायक शीतल अंगुराल भी पार्टी मुख्यालय पहुंचे। शीतल ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन कर ली है। शीतल पंजाब विधानसभा से जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव के बीच आप पार्टी के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

**जालंधर से सांसद हैं रिंकू:** आप सांसद रिंकू कुमार जालंधर से सासंद हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के इकलौते लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू ने बीते साल बतौर सांसद शपथ ग्रहण की थी। सुशील कुमार रिंकू ने मई, 2023 में हुए जालंधर संसदीय उपचुनाव के दौरान जीत हासिल की थी। इस उपचुनाव में उन्होंने 57 हजार से ज्यादा वोट जीते थे। गौरतलब है कि सुशील कुमार रिंकू कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे हैं।

## बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों की मृत मान लिया गया

**टीम एक्शन इडिया**

**वाशिंगटन: अमेरिका** के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज (पुल) से एक मालवाहक जहाज टकरा गया। इसके बाद पलक झपकते ही यह ब्रिज ढह गया। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गईं। इस दौरान लापता छह लोगों की नदी में तलाश की गई। कोई पता न चलने पर आखिरकार उन्हें मृत मान लिया गया है।

## पायलटों को 'अच्छे दिन' के लिए थोड़ा और करना होगा इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित संशोधित नियमों के क्रियान्वयन को फिलहाल कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया है। नए नियम एक जून से प्रभावी होने वाले थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संशोधित नियमों के तहत सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने पायलटों के काम करने के घंटों में बदलाव किया गया है। उनके आराम के घंटे सप्ताह में 36 से बढ़ाकर 48 कर दिए गए हैं और रात के संचालन के दौरान लैंडिंग की संख्या को दो तक सीमित कर दिया गया है। इसके अलावा, पायलटों के लिए रात का समय आधी रात से सुबह पांच की बजाय अब छह बजे तक कर दिया गया है। पायलटों की थकान की समस्या को देखते हुए ये कदम उठाए गए थे। उन्होंने बताया कि गहन विचार करने के बाद संशोधित नियम का अनुपालन कुछ समय के लिए टाल दिया है। फेडरेशन आफ इंडियन एयरलाइंस (जिसमें एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं)।

## ईडी ने 2.54 करोड़ रुपये बरामद किए

**जब्त**

8 इस क्रम में ईडी ने एक वाशिंग मशीन में छुपा कर रखे गए करीब 2.50 करोड़ रुपये भी जब्त किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले कुछ समय में अलग-अलग राज्यों में छापे मारकर करोड़ों रुपये जब्त किए हैं। इस क्रम में ईडी ने एक वाशिंग मशीन में छुपा कर रखे गए करीब 2.50 करोड़ रुपये भी जब्त किए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा कानून के तहत की गई है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, विदेशी मुद्रा कानून (फेमा) के कथित उल्लंघन के एक मामले के सिलसिले में विभिन्न शहरों में तलाशी के दौरान 2.54 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इसका एक हिस्सा 'वाशिंग मशीन' में छुपा कर रखा गया था। निदेशालय ने बयान में कहा कि कैपरीकोरनियान शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और इसके निदेशकों विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी तथा संबंधित कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई।

## एअर इंडिया से टकराया इंडिगो विमान

= कोलकाता एयरपोर्ट की घटना, डीजीसीए ने इंडिगो के दोनों पायलटों को हटाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को रनवे पर खड़े एअर इंडिया विमान से इंडिगो की फ्लाइट टकरा गई। इस टक्कर से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा है। एअर इंडिया फ्लाइट के पंख का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। इस घटना को लेकर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही इंडिगो के पायलट और को-पायलट दोनों को ऑफ ड्यूटी कर दिया गया। एअर इंडिया का विमान चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाला था यह घटना इंडिगो की ए320 वीटी-



आईएसएस फ्लाइट और एअर इंडिया एक्सप्रेस 737 वीटी-टीजीजी के बीच की है। एअर इंडिया का विमान चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाला था और वह रन वे पर आने का इंतजार कर रहा था। तभी इंडिगो की फ्लाइट रनवे से आकर एयर इंडिया के विमान ये टकरा गई। जिससे पंख को नुकसान पहुंचा। अधिकारी ने कहा, हमने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और इंडिगो एयरलाइंस के दोनों पायलटों को ऑफ-रोस्टर कर दिया गया है। जांच के दौरान ग्राउंड स्टाफ से भी पूछताछ की जाएगी। दोनों उड़ानों को जांच के लिए रोक दिया गया है।

**इंडिगो ने कहा- मामूली टक्कर की सूचना मिली:** घटना को लेकर इंडिगो की तरफ से एक बयान जारी किया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा- कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो और दूसरे विमान की मामूली टक्कर की सूचना मिली। विमान को जांच के लिए रोक दिया गया।

## केजरीवाल पैसे के लेनदेन का खुलासा कोर्ट में करेंगे: सुनीता



**शराब घोटाला**

8 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कई छापेमारी में कोई पैसा नहीं मिला: सुनीता केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनके पति कल अदालत में खुलासा करेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहां है। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कई छापेमारी में कोई पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने दिल्ली के कई मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी की है लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं मिला। पैसा कहां है?

अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 28 मार्च को अदालत में इसके बारे में खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कल जेल में अरविंद केजरीवाल से मिली थीं। उन्हें मधुमेह है। हालांकि उन्हें दृढ़ संकल्प के कारण चिंता की कोई बात नहीं है। जेल से सरकारी आदेश जारी करने पर केंद्र की आपत्ति का जिक्र करते हुए पत्नी सुनीता ने कहा कि दो दिन पहले, मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को पानी और सीवर से संबंधित मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने क्या गलत किया, जो केंद्र ने इसके लिए भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मामला दायर किया है। क्या वे दिल्ली को खत्म करना चाहते हैं।

## फंसा पेंच: शरद पवार कांग्रेस और उद्धव से नाराज

= बोले- गठबंधन धर्म नहीं निभाया, उद्धव ने 17, प्रकाश अंबेडकर ने 8 सीटों पर प्रत्याशी उतारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** मुंबई की 6 लोकसभा सीटों में 4 सीटों पर उद्धव गुट के प्रत्याशी उतारने से टिकट की उम्मीद कर रहे मुंबई की 6 लोकसभा सीटों में 4 सीटों पर उद्धव गुट के प्रत्याशी उतारने से टिकट की उम्मीद कर रहे कांग्रेस नेता नाराज हो गए हैं। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी संकट में नजर आ रहा है। शिवसेना उद्धव गुट ने बुधवार को 17 कैंडिडेट्स का ऐलान किया। इनमें 3 सीटों पर कांग्रेस के दावेदार टिकट



का इंतजार कर रहे थे। इस ऐलान से शरद पवार नाराज हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा है कि हमारे सहयोगी गठबंधन धर्म नहीं निभा रहे हैं। इधर, टिकट के ऐलान के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय निरूपम भी नाराज हैं, वे मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से लोकसभा लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उन्हें खुद राहुल गांधी ने टिकट का भरोसा दिया था। उद्धव गुट ने यहां अमोल कीर्तिकर को टिकट दिया, जिन्हें खिचड़ी घोटाले में ईडी ने समन भेजा है। मुंबई साउथ-सेंट्रल और सांगली सीटों पर भी कांग्रेस के नेता टिकट मिलने की उम्मीद कर रहे थे। वंचित बहुजन अघाड़ी नेता प्रकाश आंबेडकर ने भी टश्अ से अलग लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने बुधवार को 8 कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया।

**संकट**

8 कांग्रेस नेता नाराज हो गए हैं। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी संकट में नजर आ रहा है

## सदानंद वसंत दाते एनआईए के नए प्रमुख होंगे

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी सदानंद वसंत दाते राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के नए प्रमुख होंगे। पीयूष आनंद को राष्ट्रीय आपदा बल का (एनडीआरएफ) महानिदेशक और राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। सदानंद वसंत दाते और राजीव कुमार शर्मा भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1990 बैच से हैं जबकि आनंद 1991 बैच के हैं।

## ममता-कंगना पर टिप्पणी: मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रीय श्रीनेत को ममता और कंगना पर टिप्पणी को लेकर 29 मार्च तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता कंगना रनोट पर टिप्पणी के लिए दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस भेजा है। आयोग ने बुधवार (27 मार्च) को कहा कि दोनों नेताओं की टिप्पणियां अशोभनीय और गंदी थीं। चुनाव पैनल ने कहा





कि दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं। दोनों को 29 मार्च की शाम तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

**भाजपा सांसद ने कहा था- ममता अपना पिता तय करें :** दरअसल, भाजपा सांसद दिलीप घोष ने ममता बनर्जी के फैमिली बैकग्राउंड पर टिप्पणी की थी। टीएमसी ने मंगलवार (26 मार्च) को उनका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। इसमें घोष ने कहा था- ममता जब गोवा जाती हैं तो खुद को गोवा की बेटी कहती हैं। त्रिपुरा में खुद को वहां की बेटी बताती हैं। वे तय करें कि उनके पिता कौन है। किसी की भी बेटी बन जाना अच्छा नहीं है। ममता पर टिप्पणी को लेकर टीएमसी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

## 'आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करें यूएस'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका द्वारा प्रतिक्रिया दिए जाने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने वर की कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बेबेर्ना को तलब करते हुए भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कूटनीति में राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करें। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर टिप्पणी मामले को लेकर विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बेबेर्ना को तलब किया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ग्लोरिया बेबेर्ना की करीब 40 मिनट तक विदेश मंत्रालय में मुलाकात चली।



**तलब**

8 केजरीवाल पर टिप्पणी मामले को लेकर मंत्रालय ने अमेरिका की कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख को तलब किया

**विदेश मंत्रालय ने ग्लोरिया बेबेर्ना को किया तलब:** समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका द्वारा की गई टिप्पणी के बाद अमेरिकी दूतावास में कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बेबेर्ना को तलब किया गया है।

**भारत ने अमेरिका के बयान पर जताई आपत्ति:** भारत ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाही के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।

**पहला सम्मेलन** जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल होंगे

## सैन्य कमांडरों का सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू होगा। उसके बाद 01 और 02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी करेंगे। इस सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे। सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया जायेगा। कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करने, समीक्षा करने और समग्र सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। यह सम्मेलन भविष्य की दिशा के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों को लागू करने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को निर्धारित करेगा। हाइब्रिड मोड में 28 मार्च से शुरू होने वाले सम्मेलन की अध्यक्षता नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे, जिसमें सेना कमांडर अपने-अपने कमांड मुख्यालय से वर्चुअल मोड में भाग लेंगे। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों की बातचीत भी होगी। 01 अप्रैल को फिजिकल मोड में सम्मेलन के दौरान सेना का शीर्ष नेतृत्व गहन विचार-मंथन सत्र में शामिल होगा। इन सत्रों में सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया जायेगा। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल होंगे।



**बातचीत**

8 रक्षा मंत्री वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत करेंगे

# दिल्ली विधानसभा में जबरदस्त हंगामा

8 केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली विधानसभा में आप विधायकों का हंगामा, 1 अप्रैल तक कार्यवाही स्थगित

**हंगामा बरपा**

8 सत्ता पक्ष के विधायक मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध जताते हुए हंगामा करने लगे






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुधवार को हंगामे की भेंट चढ़ गया। सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सत्ता पक्ष के विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध जताते हुए हंगामा करने लगे। सदन की कार्यवाही दो बार 15-15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। उसके बाद दोबारा 11.45 बजे कार्यवाही शुरू हुई। तब भी सत्ता पक्ष के विधायकों का प्रदर्शन जारी रहा। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सदन की कार्यवाही 1 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए आए आप के विधायकों ने पीले रंग की टीशर्ट पहनी हुई थी, जिस पर लिखा था 'मैं भी केजरीवाल'. सभी विधायकों ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी की और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उधर, आप विधायक प्रवीण कुमार खुद को लोहे की जंजीरों में लिपटकर विधानसभा पहुंचे थे। विधानसभा सत्र की कार्रवाई शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी के तमाम विधायक और मंत्री परिसर में भाजपा के खिलाफ नारा लगाने लगे। उनका कहना था कि ये तानाशाही नहीं चलेगी। उसके बाद वो सभी गांधी जी की प्रतिमा के सामने बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। इस प्रदर्शन में शामिल दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र गौतम ने कहा कि ईडी केंद्र सरकार का हथियार है।

इसका इस्तेमाल विपक्ष की आवाज कुचलने के लिए ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी इलेक्टोरल बॉन्ड पर जो सूची सामने आई है, उसमें 41 कंपनियां ऐसी हैं, जिनके खिलाफ ईडी ने कार्रवाई की। जब उन्होंने करोड़ों रुपये भाजपा को चंदे के रूप में दिये तब उन कंपनियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसी से साबित होता है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां किस तरह हथियार के रूप में काम कर रही हैं। आम आदमी पार्टी के नरेला से विधायक शरद चौहान ने कहा कि हम लोगों का यह विरोध प्रदर्शन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में है। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ दिल्ली ही नहीं, देशभर में और तो और दुनिया में भी इसकी चर्चा हो रही है। इस कार्रवाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

**हम आखिर तक लड़ेंगे: सौरभ भारद्वाज** - दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यहां हर एक टी-शर्ट पहने हुए है। जो कहते हैं मैं भी केजरीवाल। आगे कहा कि हम भाजपा की तानाशाही के खिलाफ हैं। वे चुनाव के दौरान हमारे नेताओं पर छापेमारी कर रहे हैं। हमारे चार बड़े नेता जेल में हैं। इन लोगों ने तानाशाही की हदें पार कर दी हैं। वे आम आदमी पार्टी पर दबाव बना रहे हैं। वे हमारी सरकार गिराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इस लड़ाई के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

## ईडी की कस्टडी में सीएम केजरीवाल की बिगड़ी तबीयत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़ी खबर है। ईडी की कस्टडी में सीएम अरविंद केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई है। केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार ऊपर नीचे हो रहा है। सीएम अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 46 तक गिर गया है। वहीं, डॉक्टरों का कहना शुगर लेवल का इतना नीचे जाना बहुत खतरनाक हो सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है और यह 46 तक गिर गया है। डॉक्टरों का कहना है कि शुगर लेवल का इतना नीचे जाना बहुत खतरनाक है।

# केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से देना चाहिए इस्तीफा: बीजेपी

8 भाजपा ने आप पर दिल्लीवालों को लूटने का लगाया आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस्तीफा मांगा है। उन्होंने आप सुप्रीमो पर भ्रष्टाचार और दिल्ली को लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह धोखेबाजों को बचा रही है। सचदेवा ने कहा कि एक सख्स हिरासत में है और मुख्यमंत्री का पद बरकरार रखे हुए है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल ने पिछले 9 वर्षों में लोगों की सेवा की होती तो उन्हें जेल से रिहा होने की जरूरत नहीं पड़ती। अरविंद केजरीवाल को अपने महल और जेल में सुविधाओं की याद आ रही है। इसके पहले दिल्ली भाजपा अध्यक्ष दिल्ली ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर दिल्ली पुलिस आयुक्त से ईडी की हिरासत के दौरान केजरीवाल द्वारा जारी किए गए पत्रों के बारे में शिकायत की।

## ईडी का दीपक के आवास सहित कई ठिकानों पर छापा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज (बुधवार) दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाला से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली और एनसीआर में आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर छापा मारा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दीपक सिंगला दूसरे पार्टी नेता हैं, जिनके घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

## आप लीगल सेल के प्रदर्शन के आह्वान पर कोर्ट की चेतावनी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी लीगल सेल के दिल्ली की अदालतों में प्रदर्शन के आह्वान पर कड़ी चेतावनी दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर दिल्ली की अदालतों में कोई प्रदर्शन होता है तो इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे। बेंच ने सवाल किया कि आखिर कोर्ट में प्रदर्शन कैसे किया जा सकता है। दरअसल एक वकील ने कार्यकारी चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए कहा कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के लीगल सेल की ओर से आयोजित होने वाले प्रदर्शनों की शिकायत करते हुए हाई कोर्ट को आधीरात को पत्र ई-मेल किया है। तब कोर्ट ने कहा कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश लागू किए जाएंगे। कोर्ट को बंधक नहीं बनाया जा सकता। पक्षकारों को कोर्ट परिसर में आने से नहीं रोका जा सकता है। आप किसी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं।

**दुष्परिणाम**

8 बेंच ने कहा कि अगर दिल्ली की अदालतों में कोई प्रदर्शन होता है तो इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे

उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के लीगल सेल ने कोर्ट परिसर में प्रदर्शन की घोषणा की है। सेल के दिल्ली के अध्यक्ष और दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसीयर ने बयान जारी कर दिल्ली की सभी अदालतों में प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। नसीयर ने कहा है कि दिल्ली की सभी अदालतों में वकील एक जगह जुटेंगे और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करेंगे। बयान में कहा गया है कि केजरीवाल को 21 मार्च को एक साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया। ऐसे में वकीलों के समुदाय ने तय किया है कि दिल्ली की सभी अदालतों में 27 मार्च को बड़ा प्रदर्शन किया जाए।

# ईडी ने महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को भेजा समन



**बढ़ेगी परेशानी**

8 महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को दिल्ली में पूछताछ के लिए 28 मार्च को बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) नेत्री महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों के उल्लंघन मामले में समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने महुआ मोइत्रा को पूछताछ के लिए 28 मार्च को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा नियमों के उल्लंघन मामले में यह समन भेजा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को आरोपित किया है। सीबीआई ने 19 मार्च को लोकपाल के आदेश के बाद पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदनी और अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा-120 बी और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7, 8 और 12 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार: एलजी सक्सेना

'मैं दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली की मौजूदा राजनीति पर चर्चा का विषय बनी हुई है। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। ईडी के इस एक्शन के बाद से आम आदमी पार्टी (आप) लगातार जेल से सरकार चलाने की बात कह रही है। इस बीच, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के एक बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है।

**क्या बोले दिल्ली के एलजी?**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने कहा, "मैं दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी।" **ईडी हिरासत से सरकार चला रहे केजरीवाल:** उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से ही सरकार चलाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बीते रविवार को जल मंत्री आतिशी को दिए पहले आदेश में उन्होंने कहा था कि दिल्ली में सीवर और पानी की समस्या का समाधान किया जाए। लिखा, "मैं जेल में हूं, पर लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए।"

**केजरीवाल के जल मंत्री को निर्देश देने का ईडी ने लिया संज्ञान:** ईडी ने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के उस बयान का संज्ञान लिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पानी और सीवरेज से संबंधित जन कल्याण कार्य शुरू करने के लिए एजेंसी की हिरासत से उन्हें निर्देश भेजे थे। सूत्रों ने कहा कि ईडी जांच करेगी कि हिरासत के दौरान मुख्यमंत्री का निर्देश देना क्या कोर्ट के आदेश के अनुरूप है। केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजते हुए कोर्ट ने वकीलों के अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और निजी सहायक बिभव कुमार को हर दिन शाम 6 से 7 बजे के बीच आधे घंटे के लिए मिलने की अनुमति दी थी। सूत्रों ने कहा कि ईडी इस बात की जांच करेगी कि क्या इन मुलाकात के दौरान उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो विशेष अदालत को विधिवत सूचित करेगी।

# जैली-अंगूर का इस्तेमाल कर बना दिया दिमाग

8 अब इनका इस्तेमाल न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टर दिमाग की सर्जरी सीखने के लिए कर रहे



**मॉडल**

8 एम्स ने जैली, अंगूर, खाली बर्तन जैसे सामानों के इस्तेमाल कर इंसान का दिमाग (मॉडल) तैयार कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एम्स ने जैली, अंगूर, खाली बर्तन जैसे सामानों के इस्तेमाल कर इंसान का दिमाग (मॉडल) तैयार कर दिया है। अब इनका इस्तेमाल न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टर दिमाग की सर्जरी सीखने के लिए कर रहे हैं। अभी तक डॉक्टर किताबों से पढ़कर सर्जरी सीखते थे। इसके अलावा शव पर इनका परीक्षण करते थे। सर्जरी के लिए पर्याप्त शव न होने के कारण सभी डॉक्टर को हाथ साफ करने का मौका नहीं मिल पता था। इस कमी को देखते हुए एम्स के डॉक्टर ने इन सभी सामानों का इस्तेमाल करके एक मॉडल तैयार किया है। या हूबहू दिमाग की तरह है। जिसकी मदद से सर्जरी सीख रहे हैं। एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टर विवेक टंडन ने बताया कि दिमाग की सर्जरी की बारीकी सिखाना बहुत जरूरी है। एक छोटी सी गलती भी मरीज की जान ले सकता है। किताब की मदद से दिमाग की 2ऊ पिक्चर दिखाई देती है। इसकी मदद से दिमाग के अंदर धमनियों सहित अन्य अंगों का आकलन कर पाना स्पष्ट नहीं हो पता। ऐसे में कांच के बर्तन में जैली, छोटे फल सहित दूसरे सामानों के इस्तेमाल से महज 500 रुपए में एक मॉडल तैयार किया है। इसकी मदद से डॉक्टर को सर्जरी सिखाई जाती है। डॉक्टर जैली में नीडल को डालकर बीमारी तक पहुंचाने की कोशिश करता है। इसमें सामान्य ऑपरेशन की तरह दिमाग का एमआरआई की जाती है। उसके बाद नीडल डालकर अंगों की पहचान व सर्जरी करवाई जाती है। ऐसा करने से डॉक्टर को यह पता होता है कि किस अंग के पीछे कौन सा अंक छिपा है। वह सब थ्री डाइमेंशनल में देख पता है। इससे न सर्जरी करना आसान होता है बल्कि जब डॉक्टर शव पर इसका इस्तेमाल करता है तो उसके पास पहले से आकलन होता है कि सर के किस हिस्से में कौन सी धमनी वह दूसरे अंग हैं। जिनको बचाकर रोग तक पहुंचना है और उसकी सर्जरी करनी है।

## अविमुक्तेश्वरानंद ने अनुयायियों के साथ गोरक्षा के लिए संसद तक मार्च निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने अनुयायियों के साथ बुधवार को गोरक्षा के लिए संसद तक मार्च निकाला। इनके द्वारा गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग की जा रही है। इस मार्च में बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से निर्वाचन आयोग में पंजीकृत सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए भी पत्र लिख चुके हैं। इसके साथ ही शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि जनता के वोट से सरकार बनती है और अगर उस सरकार में गो हत्या होती है तो उसका दोष मतदाताओं को जाता है।

# रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीसीपी डॉ जॉय टीर्की ने बताया कि मृतक की पहचान न्यू उस्मानपुर निवासी संजय के रूप में हुई है। संजय रेस्तरां चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी ने कहा कि मंगलवार रात 12:05 बजे मृतक के भाई नितिन को एक दोस्त ने सूचना दी कि संजय को न्यू उस्मानपुर के मंदिर वाली गली में गोली मार दी गई है। नितिन मौके पर पहुंचा, जहां उसने अपने भाई को घटनास्थल पर खून से लथपथ पाया। पीड़ित के सिर, दाहिने कंधे, दाहिनी कोहनी और पेट के दाईं ओर के हिस्से में चोट लगी थी। उसे जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी के अनुसार शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। जांच में पता चला कि घटना के वक्त संजय अपना रेस्टोरेंट बंद कर बाइक से घर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसने कुछ लोगों के साथ बातचीत की, जहां पर उसे गोली मारी गई। जानकारी के अनुसार संजय हत्या के मामले में भी शामिल था। उसने अपने साथियों प्रदीप, बिजेन्द्र और भंवर सिंह के साथ मिलकर रविंदर नाम के युवक की हत्या कर दी थी।

डीसीपी ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हत्यारों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपितों की पहचान हो सके।

# ब्रेन सर्जरी के बाद सद्‌गुरू जग्गी वासुदेव की सेहत में सुधार

**ब्रेन सर्जरी**

8 ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की हाल ही में ब्रेन सर्जरी हुई है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की हाल ही में ब्रेन सर्जरी हुई है। मस्तिष्क में रक्तस्राव व सूजन के चलते सद्गुरु को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मस्तिष्क में जमे रक्त को बाहर निकालने के लिए 17 मार्च को सर्जरी की गई थी। अब सदगुरु की हालत सुधर रही है। वह अब ठीक हो रहे हैं। सेहत में सुधार को देखते हुए सद्गुरु जग्गी वासुदेव को नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के साथ हेल्थ अपडेट शेयर किया था। उन्होंने अस्पताल के कमरे के अंदर से अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया था जिसमें सद्गुरु ने लिखा था कि नई दिल्ली में सद्गुरु शीघ्र स्वस्थ होने की राह पर हैं। वीडियो में सद्गुरु अस्पताल के बिस्तर पर बैठे हुए अखबार पढ़ते दिखाई दे रहे थे।

इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सद्गुरु से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी और सद्गुरु ने पीएम का आभार जताया है।

**सद्गुरु को सबड्यूरल हेमेटोमा की समस्या:** अस्पताल की ओर से जारी बयान में न्यूरोलॉजिस्ट ने बताया था कि, दर्द की गंभीरता के बावजूद सद्गुरु ने अपना सामान्य दैनिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियां जारी रखीं। यहां तक कि आठ मार्च को महा शिवरात्रि समारोह भी आयोजित किया। 15 मार्च तक उनकी तबीतय बिगड़ती गई। डॉक्टर्स की टीम को सबड्यूरल हेमेटोमा का संदेह हुआ और तत्काल एमआरआई की सलाह दी गई। जांच में पता चला कि मस्तिष्क की सूजन बढ़ गई थी, बड़े पैमाने पर रक्तस्राव हुआ है। सबड्यूरल हेमेटोमा, खोपड़ी के नीचे मस्तिष्क की सतह पर खून के एकत्रित होने की समस्या है।

# हत्या के कई मामलों में कुख्यात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**सफलता**

8 अभिषेक कुमार, खजुरिया, गांव, गोविंदगंज, मोतिहारी, जिला चंपारण, बिहार का रहने वाला है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोतीहारी, चंपारण में हत्या व आर्म्स एक्ट के कई मामलों में वांछित बदमाश अभिषेक कुमार उर्फ राहुल सिंह उर्फ मुखिया को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से नाइन एमएम की पिस्टल, चार कारतूस व चोरी की बाइक बरामद की गई है। डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के मुताबिक अभिषेक कुमार, खजुरिया, गांव, गोविंदगंज, मोतिहारी, जिला चंपारण, बिहार का रहने वाला है। इसके खिलाफ मोतिहारी व बेतिया आदि आसपास के थानों में 15 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**2006 में किया था पहला अपराध:** इसने पहला अपराध 2006 में किया था, जब उसने सहयोगी लक्ष्मी सिंह के साथ मिलकर दवा विक्रेता अनिल कुमार को रंगदारी देने से इन्कार करने पर एके-47 राइफल से गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद उसने टूना सिंह के साथ संपत्ति विवाद के कारण एके-47 से मंटू शर्मा व एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

**अभिषेक व टूना ने की थी चार लोगों की हत्या :** दोनों वारदात के बाद उसने एके- 47 अपने सहयोगी कुणाल सिंह को सौंप दिया था। बिहार पुलिस ने कुणाल से उक्त एके 47 बरामद कर ली थी। 2015 में अभिषेक ने निजी दुश्मनी के कारण अर्जुन पासवान की हत्या कर दी थी। 2016 में फिर अभिषेक व टूना सिंह ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 2017 में बेतिया कोर्ट में अभिषेक और उसके साथियों ने प्रतिद्वंद्विता के कारण बब्लू दुबे नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। कई हत्याओं के बाद 2020 में अभिषेक जेल से बाहर आने के बाद मोतिहारी जिले की राजनीति में शामिल हो गया। स्पेशल सेल को आतंकवाद, संगठित अपराध और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों को रोकने, पता लगाने और वांछित अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। स्पेशल सेल अपने जारी प्रयासों के तहत ऐसे संदिग्धों पर निगरानी रखती है।

**हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए आता था दिल्ली:** इस प्रक्रिया के दौरान बिहार के कुख्यात अपराधी अभिषेक कुमार की गतिविधि के बारे में सेल को सूचना प्राप्त हुई। यह भी पता चला कि वह दिल्ली में किसी स्थानीय अपराधी के संपर्क में है और अक्सर दिल्ली आता रहता है। यह भी पता चला है कि वह हथियार और गोला-बारूद खरीदने और किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने दिल्ली एनसीआर में आता जाता है। 24 मार्च को सेल को सूचना मिली कि बिहार का कुख्यात अपराधी अभिषेक, अक्षरधाम फ्लाई ओवर, नोएडा लिंक रोड के पास किसी ये अवैध हथियार व कारतूस लेने आने वाला है। एसीपी ललित मोहन नेगी, हृदय भूषण, इंस्पेक्टर विनोद बडोला व यशपाल भाटी के नेतृत्व में एसआइ सुंदर गौतम, राहुल सागर, सतीश, राजीव कुमार, एएसआइ पवन, हवलदार संजीव, निशांत भाटी, गौरव व मनीष की टीम ने नोएडा लिंक रोड, अक्षरधाम फ्लाईओवर के पास जब अभिषेक को रुकने के लिए इशारा किया तब उसने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक गोली दाहिने पैर में लगी।

# बिप्लब कुमार के नामांकन में शामिल हुए सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के त्रिपुरा वेस्ट लोकसभा से नामांकन भरने के कार्यक्रम में शामिल होने त्रिपुरा पहुंचे। नामांकन भरने से पहले बिप्लब कुमार देब के समर्थन में एकत्रित हुए लोगों के सामने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने त्रिपुरा और हरियाणा के संबंधों को भविष्य में और भी अधिक गहरे होने की बात कही। उन्होंने बिप्लब कुमार देब को जनसेवक बताते हुए लोगों से अपील की कि वे बिप्लब कुमार देब को ऐतिहासिक मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें। बिप्लब कुमार देब ने भी हरियाणा से पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल, हरियाणा के चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित तमाम नेताओं का आभार भी व्यक्त किया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. मानिक साह ने अगरतला स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया।




मुख्यमंत्री नायब सैनी ने त्रिपुरा के लोगों को हरियाणा की ओर से राम-राम बोलते हुए कहा कि बिप्लब कुमार देब लोगों के दिलों की धड़कन हैं और आप सभी लोगों के सुख-दुख के साथी हैं तथा आप लोग भी बिप्लब कुमार देब को चाहते हैं। श्री सैनी ने बिप्लब कुमार देब की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री देब ने प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा की कमान भी बड़ी मजबूती से संभाली हुई है तथा प्रधानमंत्री मोदी को यह गारंटी दी है कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि त्रिपुरा की दोनों

**समर्थन**

**8 नायब सैनी और मनोहर लाल ने त्रिपुरा की जनता को हरियाणा की ओर से किया राम राम, त्रिपुरा में दोनों सीटों पर कमल खिलना तय : नायब सैनी, त्रिपुरा और हरियाणा के संबंध भविष्य में और भी गहरे होंगे: मनोहर**

सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जीताकर संसद में भेजें। नायब सैनी ने जनता में जोश भरते हुए जय श्रीराम, भारत माता की जय के नारे लगवाएं। उत्साहित लोगों ने भी भाजपा अबकी बार 400 पार के नारे लगाते हुए मोदी जिंदाबाद, बिप्लब कुमार देब जिंदाबाद के नारों से माहौल को भाजपामय बना दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य, देश और प्रदेश की तरक्की के लिए भाजपा सरकार जरूरी है, इसलिए सभी लोग कमल का बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का काम करें। यहां नायब सैनी ने बिप्लब कुमार देब को ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई भी दी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नॉर्थ ईस्ट के साथ हरियाणा के संबधों को बहुत ही बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में पूर्व के प्रदेशों में विकास की गंगा बहाई है।

नामांकन दाखिल करने के बाद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र की जनता के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से तथा क्षेत्रवासियों के बेहतर भविष्य के संकल्प के साथ आज नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि नामांकन में उमड़ा जनसैलाब हर बूथ पर कमल खिलाने के दृढ़ संकल्प को साकार करने का प्रतिबिंब है।

# चौ. रणजीत कांग्रेस के टिकट पर हिसार की लड़ाई हार गए थे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा में कुरुक्षेत्र के बाद हिसार लोकसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। भाजपा ने चौधरी रणजीत चौटाला को मैदान में उतारकर बड़ा दांव लगा दिया है। रणजीत चौटाला चौधरी देवी लाल के छोटे पुत्र है। रणजीत सिंह ने 1998में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और हार गए थे। हिसार सीट पर चौटाला परिवार को सिर्फ एक बार ही तब सफलता मिली थी जबकि दुष्यंत चौटाला ने कुलदीप विश्नोई को 2014में हराया था।

चौधरी देवीलाल परिवार के चार सदस्य हिसार सीट से पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 1984 में लोकदल की टिकट पर चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने हिसार से चुनाव लड़ा था और वे

**हॉट सीट**

**8 चौटाला परिवार को सिर्फ एक बार ही तब सफलता मिली थी जबकि दुष्यंत ने कुलदीप को 2014 में हराया था**

कांग्रेस के बीरेंद्र सिंह से हार गए थे। साल 1998 में चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और उन्हें हरियाणा लोकदल राष्ट्रीय के प्रत्याशी सुरेंद्र बरवाला ने हराया था। 2011 में हिसार उपचुनाव में इनेलो से डा. अजय सिंह चौटाला ने चुनाव लड़ा। उस चुनाव में हरियाणा जनहित कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप बिश्नोई ने डा. अजय चौटाला को पराजित किया था।

## न्यूज फ्लैश

### आआप छोड़ भाजपा में शामिल हुए धर्मबीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद: आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मबीर भड़ाना ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। भड़ाना को भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पार्टी में शामिल करवाया, जबकि इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़ मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान धर्मबीर भड़ाना ने अपने सेंकड़ों समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में आस्था जताते हुए यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वह लोगों के हक-हकूक की आवाज उठाते आए है, आगे भी वह जनहित के मुद्दों को उठाएंगे और केंद्रीय राज्यमंत्री के आशीर्वाद से क्षेत्र का विकास करवाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कृष्णपाल गुर्जर इस बार फरीदाबाद संसदीय सीट से करीब 12 लाख के मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी में उनका स्वागत है और मोदी सरकार की नीतियों को वह जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

### लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**: 22 वर्षीय लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सिटी बल्लभगढ़ पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अर्पण है, जो बिहार के सोहना गांव का रहने वाला है। सिटी बल्लभगढ़ थाना एरिया में रहता था। सिटी बल्लभगढ़ थाने में कल दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें 22 वर्षीय पीड़ित लडकी ने बताया कि वह एक अस्पताल में फैसिलिटी डिपार्टमेंट में नौकरी करती है। सबसे पहले लडकी की दोस्ती आरोपी अर्पण के साले सौरभ के साथ हुई थी। सौरभ ने पीड़ित लडकी को अपने जीजा अर्पण के घर पर रहने के लिए कहा था जहां सौरभ की पत्नी और उसके 2 बच्चे भी रहते थे। इस प्रकार लडकी अर्पण की घर रहने लगी। अगस्त 2023 में सौरभ की मृत्यु हो गई इसके पश्चात सौरभ की बहन बिहार चली गई और सौरभ का जीजा अर्पण पीड़िता के साथ अकेला रहने लगा। अर्पण ने लडकी को अपने प्यार के जाल में फंसा लिया और उसके साथ कई बार अवैध संबंध स्थापित किए। आरोपी पहले से शादीशुदा था और लडकी से दूसरी शादी करने का दबाव बनाने लगा और धमकी देने लगा कि यदि उसने शादी नहीं की तो वह सुसाइड कर लेगा और सुसाइड नोट लिखकर लडकी को फंसा देगा। इसके बाद लडकी अपने घर चली गई परंतु आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके पश्चात पीड़ित लडकी ने तंग आकर थाने में शिकायत दी जिसके आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया।

### विदेशी लोगों से ठगी करने के मामले में 20 लोगों

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ठगी करने वाले गिरोह ने कई अन्य विदेशियों से ठगी की है। अब एक और नया केस साइबर क्राइम थाना प्रभारी बलवंत सिंह की ओर से बुधवार को केस दर्ज कराया गया है। जिसमें इस गिरोह से जुड़े 20 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। पुलिस में दर्ज केस के अनुसार, साइबर ठगी के केस में पकड़े गए आरोपितों से जब्त किए गए उपकरणों की जांच में पता चला कि आरोपितों ने जाली दस्तावेजों का उपयोग कर रिचर्ड, डेविड, मर्सिया, माइकल, जार्ज और विदेश में रहने वाले अन्य लोगों के साथ साइबर धोखाधड़ी भी की है। यह पता चला कि वर्ष 2022 में आंचल मित्तल, विक्रमजीत, चोपड़ा गार्डन निवासी अक्षय छिब्बर व डिकी ने काल सेंटर स्थापित किया था। विक्रमजीत सिंह काल सेंटर में काम करने और वहां रहने वाले आरोपितों को सामान उपलब्ध कराता था। आरोपित मोहित, राहुल विर्दी और विक्रम चौधरी टोल फ्री नंबर देते थे। जिसके लिए उन्हें भुगतान किया जाता था। यह तीनों आरोपित विक्रमजीत सिंह के लिए काल वेंडर भी हैं। आरोपितों ने पेपल व नार्टन के जरिए क्रिप्टोकरेंसी का कार्य करने वालों को धोखा देने के लिए ईमेल की स्क्रिप्ट तैयार करते। फिर टोल फ्री नंबर (टीएफएन) वाला संदेश एसएमटीपी (सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकाल) सर्वर के माध्यम से ईमेल भेज देते। ईमेल में यह खुद को पेपल सुरक्षा अधिकारी बताते। जब लोगों को यह ईमेल मिलता तो वह ईमेल में दिए टोल फ्री नंबर पर काल करते तो इन काल को विजय बिस्सा, सुंदरम, शादान, नौशाद, फहद, श्वेता तिवारी आदि सुनते। वह काल करने वालों को बातों में उलझा लेते। फिर उसके कंप्यूटर या मोबाइल को एनीडेस्क के माध्यम से अपने सिस्टम पर ले लेते। जिससे उसके खाते व कंप्यूटर की पूरी जानकारी लेकर उनके बिटक्वाइन खाते से क्रिप्टोकरेंसी अपने पास ट्रांसफर कर लेते।

# बारदाने की किल्लत से परेशान किसानों ने मंडी में किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः** कस्बा ढांड की नई अनाज मंडी में बुधवार को किसानों ने बारदाना की किल्लत से परेशान होकर प्रदर्शन किया। किसान सोलू माजरा के अडानी साइलो से बारदाना न मिलने पर साईलो की तालाबंदी करने पर अड़े हैं। भारी पुलिस बाल की तैनाती होने पर अदानी साइलो न पहुंचने पर किसानों ने पंचमुखी चौक पर धरना शुरू कर दिया है। समाजेसवी विकास तंवर की अगुवाई में किसानों ने बुधवार शाम को पंचमुखी चौक पर धरना शुरू कर दिया है। बुधवार दोपहर को ढ़ांड अनाजमंडी में किसानों ने विकास तंवर की अध्यक्षता में सभा की। जिसमें विकास तंवर ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को नहीं मान रही है। सीजन के समय ढांड अनाज मंडी के आढ़तियों सहित किसानों को परेशानी झेलनी पड़ती है। जब जिले की अन्य मंडियों में बारदाना दिया जा रहा है तो केवल ढांड मंडी में बारदाना न देने की समस्या क्यों बनी है। किसानों ने पहले भी इस समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था।

उस समय प्रशासन ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हो सका। अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान साइलो को ताला लगा देंगे। सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक किसान मंडी में बैठे रहे।

# लाखों की ठगी करने वाले 6 अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

**8 इंस्टाग्राम, टेलीग्राम के माध्यम से करते थे ठगी, फर्जी अकाउंट में पैसा भेजकर निकालते थे कैश**

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ः प्रदेश के नोडल साइबर थाने ने अलग-अलग मामलों की जांच करते हुए 06 लोगों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। ठगी करने वाले आरोपी अक्सर अलग अलग तरीकों का इस्तेमाल करते हुए ठगी कर रहे थे। जांच में सामने आया कि साइबर ठग, ठगी करने के बाद, ठगी की रकम को अन्य फर्जी खातों में भेज रहे थे और वहां से कैश निकलवा रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नोडल साइबर थाने, पंचकूला ने कार्रवाई करते हुए 4 साइबर ठगो को राजस्थान से गिरफ्तार किया है वहीं अन्य दो आरोपियों में से एक आरोपी को मेवात व एक आरोपी को जींद से गिरफ्तार किया है। उन्होंने



बताया कि ठग सोशल मिडिया पर अकाउंट बनाकर लोगों को अलग अलग तरीके से लालच दे रहे थे और ब्लैकमेल कर रहे थे। जब इनकी शिकायत साइबर नोडल थाने में पहुंची तो पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है और संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**कभी फेक वीडियो बनाकर तो कभी फौजी अफसर बनकर कर रहे थे ठगीः** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान से गिरफ्तार साइबर ठग कभी अश्लील वीडियो बनाकर तो कभी खुद को फौजी बताकर ठगी करते है। साइबर नोडल थाने को पंचकूला निवासी पीड़ित ने शिकायत देते हुए बताया था कि उसके पास कॉल आई जिसमें ठग ने खुद को आर्मी अफसर बताया और आर्मी कैंट में योग शिक्षक के तौर पर नौकरी ज्वाइन करने को कहा।

# ... तो हमारी पीढियों को पानी-भोजन कैसे मिलेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय (एमएचयू), करनाल के अनुसंधान निदेशालय द्वारा मृदा स्वास्थ्य संबधी समस्याओं के प्राकृतिक हल मेरी माटी मेरा देश विषय पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किसान कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। कार्यशाला में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए किसानों ने भी भाग लिया।

श्री काम्बोज ने एमएचयू द्वारा किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज जो विषय एमएचयू ने चुना वो समय की मांग हैं। अगर हम प्राकृतिक संसाधनों को आने वाली पीढि?ों के लिए बचाकर नहीं रखेंगे तो हमारी पीढि?ों को पानी, शुद्ध वातावरण, खाद्यान किस प्रकार से मिल पाएगा। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम इको सिस्टम में संतुलन बनाकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारे समक्ष काफी चुनौतियां है, जिनको अवसर में बदलकर समाधान खोजना है। हर जरुरत जैसे भोजन, पानी सब धरती से प्राप्त होता हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि धरती के स्वास्थ्य को बनाकर रखें ताकि आने वाले समय में भी सभी की आवश्यकताएं पूरी हो सके ओर इको सिस्टम भी बना रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर विकसित भारत बनाना है, ताकि विदेशी लोग भी भारत की उन्नत खेती को देखने के लिए आएं न की हम विदेशों में जाकर खेती देखें। उन्होंने किसानों से कहा इस वक्त सभी को संतुलित अप्रोच अपनाने की जरुरत है।

# सास पर दामाद की नीयत हुई खराब, घर में अकेली पाकर किया रेप

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कैथल में दामाद की अपनी ही सास पर नीयत खराब हो गई। बुधवार को जैसे उसे सास घर में अकेले मिले तो उसने जबरदस्ती संस्कार रेप कर दिया। बेटी को जब मां के साथ ही घटना का पता लगा तो उसने अपने पति के खिलाफ ही रेप का मामला दर्ज करवा दिया। घटना कैथल शहर की बस्ती अर्जुन नगर की है। गांव में म्यौली की रहने वाली महिला ने थाना शहर कैथल में शिकायत देकर बताया कि उसकी अनिल कुमार के साथ लव मैरिज हुई थी। वह कैथल के अर्जुन नगर में मकान लेकर उसके साथ रह रही थी। 25 मार्च को उसकी 50 वर्षीय मां उससे मिलने के लिए कैथल अर्जुन नगर में उसके घर आई हुई थी। शाम को वह किसी घरेलू काम के सिलसिले में घर से बाहर गई थी।

# सेवा का अधिकार आयोग को मिला 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' के 'कापीराइट' का अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक मील का पत्थर स्थापित करते हुए 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' (आस) के लिए "कॉपीराइट" के अधिकार को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के पास अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के सभी अधिकार है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने में आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता का अहम योगदान रहा है क्योंकि उनके प्रयासों से ही इस कापीराइट को हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि आस के लेखक आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता हैं और अब इसकी आनरशिप हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को सौंप दी गई है। अर्थात अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर से संबंधित कॉपीराइट का अधिकार हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को मिल गया है। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार के माध्यम से विभिन्न सेवाओं (656) को अधिसूचित किया गया है जिसके लिए निश्चित समय निर्धारित है। उन्होंने बताया कि आवेदक को इस समय अवधि के भीतर ही सेवा मुहैया करवाई जाती है। यदि आवेदक को सुनिश्चित समय अवधि में सेवा नहीं मिलती है तो ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के

**मील का पत्थर**

**8 हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के पास अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के सभी अधिकार है**

माध्यम से ऑटोमैटिक अपील सृजित हो जाती है। यह अपील पहले प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी (एफजीआरए), फिर द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी (एसजीआरए) और अंत में आयोग के पास चली जाती है।

ऑटो अपील सॉफ्टवेयर देश में पहला ऐसा सॉफ्टवेयर है जिसके कारण शिकायतकर्ता को अपील दर्ज कराने के लिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। ज्ञात रहे कि आस के माध्यम से 27.03.2024 तक कुल 11,70,766 अपील दर्ज को गई है जिनमें से 11,56,595 अपीलों का निपटान भी किया जा चुका है, जिसका अर्थ है कि आस में अपील निपटान दर 98.8% है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने यह सुविधा आस के माध्यम से अपने नागरिकों को प्रदान की है। इसे अन्य राज्य भी अपने यहां पर क्रियान्वित करने का विचार-विमर्श कर रहे हैं।

गौरतलब है कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग द्वारा कॉपीराइट लेने हेतू गत वर्ष 2022 में आवेदन किया थ।

# एमएसपी से कम रेट पर फसल बेचने को मजबूर हैं किसानः हुड्डा

**8 सरसों की सुचारू खरीद शुरू करे सरकार, गेहूं की आवक के लिए भी करे तैयारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को कहा कि बीजेपी सरकार जानबूझकर किसानों को घाटे में धकेल रही है। बार-बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई। इक्का-दुक्का जगह पर जहां सरकारी एजेंसी पहुंची हैं, वहां भी नमी का बहाना बनाकर खरीद करने से इनकार किया जा रहा है। इसके चलते प्राइवेट एजेंसी औने पौने दाम पर खरीद कर रही हैं। जिसके कारण किसानों को मजबूरी में एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। हुड्डा ने कहा कि



हफ्तेभर से मंडियों में सरसों की आवक जारी है। बावजूद इसके सरकार ने देरी से खरीद का ऐलान किया। अपने ऐलान के मुताबिक भी सरकार खरीद नहीं कर पा रही है। इतना ही नहीं एक बार फिर किसानों को ह्यमेरी फसल मेरा ब्यौराह्न पोर्टल के हवाले कर दिया गया है। पार्टल पर 9.25 लाख किसानों ने 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण करवाया था। लेकिन इसमें से 10.40 लाख एकड़ रकबे का रिकॉर्ड मिसमैच पाया गया। जब तक यह पूरा रिकॉर्ड ठीक नहीं होता, तबतक किसान अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे। यानी सरकार की गलती का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एकबार फिर सरकार से जल्द सरसों की सुचारू खरीद शुरू करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गेहूं की आवक के लिए भी पहले से ही तमाम तैयारियों को पूरा करने की मांग उठाई है। हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस सरकार फसलों के मंडी में आते ही फौरन खरीद शुरू कर देती थी। इसके चलते फसलों के मार्किट रेट ऊंचे हो जाते थे। इसलिए प्राइवेट एजेंसियों को भी एमएसपी या उससे ज्यादा रेट पर फसल खरीदनी पड़ती थी। लेकिन बीजेपी सरकार ठीक इसके उलट नीति पर चलती है। शुरूआत में सरकार द्वारा खरीद नहीं की जाती। मार्किट में फसल के रेट गिर जाते हैं।

# जब देश का श्रमिक खुशहाल होगा, तभी हिन्दुस्तान महान होगाः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जब देश का श्रमिक खुशहाल होगा, तभी हिन्दुस्तान महान होगा। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की है। कांग्रेस का वायदा श्रमिकों के सपनों को पंख देने का वायदा हैं। 400 दिन की गारंटीड मजदूरी, स्वास्थ्य सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा और

**गारंटी की बात**

**8 कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की**

रोजगार की सुरक्षा ये सब उनके जीवन को नई उड़ान देंगे। इस न्यायपूर्ण भविष्य के लिए देश कीह जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की है। उन्होंने कांग्रेस की श्रमिक न्याय के तहत गारंटी के बारे में कहा है कि कांग्रेस स्वास्थ्य अधिकार कानून की गारंटी देती है जो मजदूरों के लिए मुफ्त दवाएं, उपचार, आवश्यक निदान, पुनर्वास और उपशामक देखभाल और सर्जरी सहित सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी श्रम का सम्मान सुनिश्चित करेगी, जिसके तहत मनरेगा श्रमिकों सहित मजदूरों को प्रतिदिन 400 रुपये का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन मिलेगा।

# हरियाणा में अल्पमत की सरकार, जो चल नहीं रेंग रही हैः दीपेंद्र

**8 प्रदेश में विधानसभा को भंग कर तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए- दीपेंद्र हुड्डा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज कहा कि हरियाणा में अल्पमत की सरकार है, जो चल ही नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल और कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला द्वारा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे के बाद 88 विधायकों वाले सदन में सरकार के साथ मात्र 40 विधायक रह गये हैं जबकि, 48 विधायक इस सरकार के खिलाफ हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने यह भी कहा कि जेजेपी के विधायक और निर्दलीय विधायकों में भी सरकार के खिलाफ नाराजगी जगजाहिर हो चुकी है। ऐसे में इस सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। इखढ- खखढ ने साढ़े 4 साल मिलकर हरियाणा को



बर्बाद करने का काम किया है। इस बात को हरियाणा की जनता जानती है और अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली। आगामी चुनावों में प्रदेश की 36 बिरादरी कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने मांग करी कि प्रदेश में विधानसभा को भंग कर तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव करवाए जाएँ।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी जब हरियाणा में

**साधा निशाना**

**8 अपराधी सरेआम अपराध कर के बेखौफ घूम रहे हैं, यहाँ हर शरीफ आदमी आज भयभीत है**

देश की सबसे अलोकप्रिय सरकार होने की सर्वे रिपोर्ट आई तो आनन-फानन में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को हटा दिया गया जो प्रदेश सरकार की नाकामी व सरकार के प्रति लोगों में गुस्से का स्पष्ट कबूलनामा है। उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन चुनाव से पहले सिर्फ चेहरे बदलने से बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा कम नहीं होगा। क्योंकि, इससे पहले भी जब 1986 में भजन लाल के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा हो गया था, तब उन्हें हटाकर बंसीलाल को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था। परन्तु अगले आम चुनाव में न केवल मुख्यमंत्री खुद चुनाव हार गए बल्कि विपक्ष को 90 में से 85 सीटों पर जीत मिली थी। ऐसा ही कुछ आने वाले चुनावों में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले तक देश का सबसे सुरक्षित माना जाने वाला राज्य हरियाणा आज अपराधियों की शरणस्थली बन गया है, अपराधी सरेआम अपराध कर के बेखौफ घूम रहे हैं, यहाँ हर शरीफ आदमी आज भयभीत है और बदमाश दनादन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### देश के दिल में बसी धुन, 'नमक हो तो टाटा का, टाटा नमक'

**गाजियाबाद।** भारत के आयोडीन युक्त नमक के अग्रणी ब्रांड, टाटा साल्ट ने अपनी मशहूर जिंगल, 'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' के साथ एक अनूठा अभियान शुरू किया है। विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर शुरू किया, यह अभियान 'देश का नमक' के रूप में ब्रांड की सर्वव्यापकता का प्रदर्शन करता है, और नये और युवा भारत की नब्ज पर भी हाथ रखता है।




'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' जिंगल का नया रूप उपभोक्ताओं को आश्चर्यचकित और खुश करेगा; यह देश भर में हर घर में अपनी स्थायी उपस्थिति को नए परिप्रेक्ष्य में पेश करता है। इस नए विज्ञापन अभियान की परिकल्पना ओगिल्वी ने तैयार की है, जिसमें उपभोक्ता के दैनिक जीवन से जुड़े क्षणों में जिंगल की उपस्थिति को प्रदर्शित करने वाली 11 मनोरंजक लेकिन सटीक फिल्में है, जो इसे सर्वव्यापी 'देश का नमक' बनाती है। दीपिका भान, अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स – इंडिया, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने इस अभियान पर अपनी टिप्पणी में कहा, ह्लटाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार ब्रांडों में से एक है। समय के साथ 'देश का नमक' की अपील, उपभोक्ताओं के साथ और मजबूत हुई है । इस पहल के साथ हमारा लक्ष्य है, कि हम उपभोक्ताओं के साथ अपने संबंध को और गहरा बनाएँ और देश की सेहत तथा खुशी को बढ़ावा देते हुए जीवन के छोटे छोटे पलों का हिस्सा बने रहें। ओगिल्वी के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर(वेस्ट), अनुराग अग्निहोत्री ने कहा, हमारे देश के अधिकांश लोगों के लिए, नमक का मतलब टाटा साल्ट है और टाटा साल्ट का मतलब है, भरोसा। यह प्यार का बंधन है। नया 'देश का नमक' अभियान वही प्यार और विश्वास लौटाता है जो एक विरासती, प्रतिष्ठित ब्रांड पर आम तौर पर लोगों को होता है। हमने सबसे पसंदीदा टाटा साल्ट की धुनों में से एक को लोगों के जीवन में और उन क्षणों में वापस ला दिया है, जो नमक की तरह ही रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हैं। किसी फि ल्म का दृश्य, एक बिल्ली, कोई चुनावी रैली और ऐसी ही चीजें। हमें उम्मीद है कि हर किसी को नया 'देश का नमक' अभियान पसंद आएगा और वे इस ब्रांड को हमेशा की तरह पसंद करेंगे।"

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप्स की घोषणा, शहीदों के बच्चों को मिलेगी विशेष छूट

**रोहतक:** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है।



इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल ने कहा, "हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। हमें अपने बहादुर सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने की अपनी परंपरा को जारी रखने पर गर्व है और हम शिक्षा में उत्कृष्टता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति पुरस्कार और तत्काल प्रवेश के अवसर प्रदान करता है।

# कल पानीपत शहरी विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे मनोहर लाल

## इस बार के आम चुनाव के लिए युवा वर्ग में है विशेष उत्साह झ्र उमेश शर्मा

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः भाजपा** जिला कार्यालय जीटी रोड पानीपत में पानीपत जिला की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इन चारों बैठकों की अध्यक्षता करनाल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने की। भाजपा जिला प्रभारी उमेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी बैठक को संबोधित किया पानीपत ग्रामीण विधानसभा चुनाव प्रभारी गजेंद्र



सलूजा ने चुनाव संयोजक हरविन्द्र कल्याण को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी विधानसभाओं के चुनाव प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी हित में दिन-रात कार्य करेंगे और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे उन्होंने कहा कि इस बार का आम चुनाव पहले के मुकाबले ज्यादा रोचक होगा क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए गए हैं उन्होंने कहा कि युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखने में आया है क्योंकि मनोहर सरकार ने भर्तियों में पूरी पारदर्शिता अपनाते हुए गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली युवकों को बिना सिफारिश एचसीएस, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, डीएसपी और बीडीओ जैसे उच्च पदों पर नियुक्तियां प्रदान की हैं

**सभी पदाधिकारियों को सौंप दी गई हैं जिम्मेवारियां - भट्ट**

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि भाजपा की लोकप्रियता प्रतिदिन बढ़ रही है जब से उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया है तब से ही प्रतिदिन विभिन्न पार्टियों के नेताओं और कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारियां भी सौंप दी गई हैं उन्होंने कहा कि पानीपत जिला में कुल 870 मतदान केंद्र है और इन सभी मतदान केंद्रों पर भाजपा के बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख कार्य कर रहे हैं वहीं पानीपत जिला में 187 शक्ति केंद्र बनाए गए हैं और इन शक्ति केंद्रों के अध्यक्ष अपने-अपने क्षत्रों के मंडल अध्यक्षों को साथ लेकर इन मतदान केंद्रों का दौरा भी कर रहे हैं।

## 'आयोग की ओर से जो भी निर्देश प्राप्त होते हैं फ़ौरी तौर पर जवाब दिए जाए'



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः हरियाणा** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। वीडियों कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश प्राप्त होते हैं उनके फौरी तौर पर जवाब दिए जाएं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला चुनाव प्रबंधन योजना का विस्तृत ब्यौरा सभी एआरओ को उपलब्ध करवाया जाए। विभिन्न बूथों पर सेल्फी प्वाईंट भी स्थापित किए जाएं। सीविजल ऐप पर आने वाली शिकायतों का तय समय में समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी को अपना बैंक का खाता जीरो बैलेंस से अलग खुलवाना होगा।

## जी वी एम पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**जी वी एम पब्लिक स्कूल** मॉडल टाउन समालखा में सत्र 2023-24 का वार्षिक परिणाम घोषित शत प्रतिशत रहा परीक्षा का परिणाम बुधवार को जी वी एम पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए खास दिन रहा। कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा पाँचवी का परिणाम घोषित सुनकर बच्चे काफी खुश हुए क्योंकि वह अगली कक्षा में बढ़ रहे है कयह परिणाम बच्चो की लगन व माता पिता के सहयोग एवं अध्यापकों की मेहनत का फल है कइस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल और उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी बरतवाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया कविद्यालय की छात्राओं ने अभिभावकगण को मस्तक पर तिलक लगाकर अभिनंदन किया क मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी वह अन्य उपहार द्वारा सम्मानित किया गया क विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधक राधेश्याम जागडा ने कहा ह्लजो निरंतर मेहनत करते हैं, वही आगे बढ़ते हैंह्व



और साथ ही यह भी घोषणा की 10 अप्रैल तक दाखिला करवाने वाले विद्यार्थियों को दाखिले में विशेष छूट दी जाएगी उसके साथ ही कक्षा ग्यारवीं में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए दाखिले में विशेष छुट उनके दशवीं कक्षा के परिणाम के आधार पर दिया जायेगा क इस अवसर पर अभिभावकगण अपने बच्चों के परिणाम पर काफी खुश अनुभव कर रहे थे क विद्यार्थियों के प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल ने विद्यार्थियों को बधाई दी सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा देकर आगामी वर्ष में कुछ अच्छा करने के लिए निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## विभिन्न कार्यालयों में अनाधिकृत और बाहरी व्यक्ति का कब्जाः अशोक

**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**उपमंडल समालखा** में तहसील के विभिन्न कार्यालयों में अधिकतर अनाधिकृत और बाहरी व्यक्ति कब्जा किए हुए हैं। इनकी कार्यशैली के चलते आए दिन आमजन को घंटो बाहर इंतजार करना पड़ता है। तहसील में कामकाज को लेकर अक्सर सवाल खड़े होते रहते है। लेकिन सरकार इन हालातों को भले ही सुधारने के लिए प्रयासरत हो, लेकिन कर्मचारियों की मिलीभगत से इन प्रयासों पर पानी फिर रहा है। समालखा तहसील में आम आदमी काम को लेकर खिड़की पर घण्टो लाइन में खड़ा रहता है, वहीं प्रभावशाली व प्रापर्टी डीलर अंदर मेज पर बैठकर काम कराते हैं। बुधवार को दोपहर के समय कुछ ऐसे ही हालात उपमंडल समालखा तहसील में देखने को मिले। जब नायब तहसीलदार अशोक कुमार को इस समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने न केवल अंदर घुसे लोगों को बाहर निकाला, बल्कि दरवाजा बंद रखने के आदेश भी दिए।

## सीनियर वर्ग में विजेता खो खो खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**जिला खो खो** संघ के महासचिव रविंदर सिंह ने बताया की 23 व 24 मार्च को कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में हरियाणा राज्य खो खो संघ के तत्वधान में 43 वीं हरियाणा राज्य सीनियर महिला व पुरुष खो खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में जिला पानीपत ने जिला जींद की महिला व पुरुष दोनों टीमों को एक तरफा हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया आज लड़कों के स्कूल गांव मनाना में महिला व पुरुष दोनों टीमों का सुंदर ,भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया स्कूल प्राचार्य सरिता देवी और जिला खो खो संघ के अध्यक्ष



भाई नवीन ने विजेता खिलाड़ियों को पुष्प माला पहनकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, खो खो खेल को बढ़ावा देने के लिए प्राचार्य सरिता देवी का अहम योगदान रहा है क्योंकि जिस खेल मैदान पर आज 150 खिलाड़ी प्रशिक्षण ने प्राप्त कर रहे हैं बहुत पहले यहां पर 5 से 6 फीट के गड्ढे हुआ करते थे सरिता देवी ने अपने स्तर पर मिट्टी डलवाई तथा ग्राउंड को समतल कराया इस कार्य को करने के लिए उन्होंने अनेक बाधाओं का भी सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी, जिसकी बदौलत आज राष्ट्रीय स्तर के खो-खो खेल मैदान खिलाड़ियों को उपलब्ध हुए हैं।

# सरकारी स्कूलों की छात्राओं को मिलेगी बेहतर खेल सुविधाएं : जगवीर मलिक

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का किया गया अभिनंदन

**सोनीपत ।**

**सोनीपत के सहायक** शिक्षा अधिकारी खेल (एईओ स्पोर्ट्स) जगवीर मलिक ने कहा कि सरकारी स्कूलों की छात्राओं को भी बेहतर खेल सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी, ताकि प्रतिभाओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से लगातार राजकीय स्कूलों में संचालित खेल गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। निदेशालय की ओर से राजकीय विद्यालयों में खिलाड़ियों को बेहतर खेल उपकरण व मैदान उपलब्ध



कराने के प्रयास किए गए हैं । उन्होंने कहा कि नए सत्र में स्कूली खेलों का आयोजन भी प्रभावी तरीके से किया जाएगा, जिसके स्कूली खेल प्रतिभाएं प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत जिले का नाम रोशन कर सके । राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में प्राचार्या सुमन बाला व स्टाफ सदस्यों ने एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का बुके व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया । इस दौरान उन्होंने अपने विचार रखें और मुरथल अड्डा स्कूल से सबंधित समस्याओं का समाधान करवाने का भरोसा दिलाया ।

एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक ने कहा कि लड़कियों के स्कूल के मुख्य द्वार से सटे सार्वजनिक शौचालय का होना निराशाजनक है । उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम आयुक्त से बातचीत कर जल्द ही मुरथल अड्डा स्कूल के बाहर बने सार्वजनिक शौचालय को अन्यत्र शिफ्ट करवाया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि मुरथल अड्डा स्कूल के गेट पर अवैध रूप से रिक्शा व ऑटो स्टैंड बन गया, जिसे हटाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों से बातचीत करेंगे । इसके अलावा पुलिस प्रशासन से अनुरोध करेंगे कि स्कूल की छुट्टी से समय छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस गश्त की विशेष व्यवस्था की जाए । इस मौके पर शशि मेहता, ऋतुराज, प्रवीण, विनय, पूनम राठी, सुनील सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

## अपस्टॉक्स ने शुरू किया 'किट किट दूर करें' अभियान

**गाजियाबाद।** भारत के सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते और उच्चतम रेटिंग वाले ट्रेडिंग और निवेश प्लेटफॉर्म, अपस्टॉक्स ने आज अपने नवोन्मेषी ब्रांड अभियान, 'किट किट दूर करें, बाजार में उतरें' ('कट द किट किट, गेट इन द मार्केट') का अनावरण किया। इस अभियान के साथ, अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, खुदरा निवेशकों को भ्रामक जानकारियों, बहुत सी सूचनाओं के शोर और जानकारी की अधिकता से बचकर सही तरीके से निवेश करने में मदद करना।



अपस्टॉक्स के अपने आंतरिक शोध के अनुसार, निवेश यात्रा अक्सर वित्तीय उत्पादों की गुमराह करने वाली जानकारी के आधार पर बिक्री (मिस-सेलिंग), गुमराह करने वाले परामर्श, सूचना की अधिकता और जटिल शब्दजाल जैसी चुनौतियों से भरी होती है। इस वजह अक्सर लोग ऐसे फैसले करते हैं उनके वित्तीय लक्ष्यों से मेल नहीं खाते। इस प्रचार अभियान के लॉन्च के बारे में, अपस्टॉक्स की सह-संस्थापक, कविता सुब्रमण्यन ने कहा, भारत परंपरागत रूप से निवेशकों के बजाय बचतकताओं का देश रहा है। एक महत्वपूर्ण बाधा स्पष्ट, सुलभ जानकारी की कमी रही है, इसके परिणामस्वरूप निवेश के गलत फैसले होते हैं। अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, हर भारतीय को अक्सर पेश आने वाली दिक्कतों से बचते हुए, सभी परिसंपत्ति वर्गों में बुद्धिमानी से निवेश करने के लिए सही ज्ञान और तरीके के साथ सशक्त बनाना।" निवेशकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए, अपस्टॉक्स ने किट किट दूर करें, बाजार में उतरें ("कट द किट, गेट इन द मार्केट") की अवधारणा पर एक अभियान वीडियो लॉन्च किया है। वीडियो में, थिएटर के जीवंत माहौल के बीच, म्यूचुअल फंड में निवेश का उल्लेख कलाकारों और दर्शकों की ओर से "किट किट" का एक कोरस शुरू होता है।

## पाइट में नारी सशक्तीकरण पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**नारी सशक्तीकरण** पर यहां पाइट कॉलेज में नेशनल केस स्टडी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 11 राज्यों के 25 इंस्टीट्यूट से 45 टीमों ने इसमें भाग लिया। नारी सशक्तीकरण पर चर्चा करते हुए बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे निकल रही हैं। कारपोरेट में महिलाएं अपनी प्रतिभा से कंपनियों को आगे ले जा रही हैं। देश के विकास में महिलाओं की महत?वपूर्ण भूमिका है। कॉन्फ्रेंस में प्रो.सुरेश बेदी, फरहीन, शिप्रा कुकरेजा, भूमिका खुराना, एमबीए विभाग के अध्यक्ष प्रो.अखिलेश



मिश्रा व डॉ.अंजू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मुंबई के नमन जैन और आइआइटी मद्रास की श्रणया को ऑनलाइन मोड में पहला पुरस्कार मिला। ऑफलाइन मोड में मंजू बाला व पाइट की मानसी गुप्ता ने पहला इनाम जीता।

## सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया....... पर झूमे श्याम

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्री खाटू श्याम** परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर श्याम संकीर्तन किए गए जिसमें श्यामप्रेमियों का पूर्ण सहयोग मिला। लगभग 15 दिनों तक चली यह श्रृंखला मंदिर में भव्य



संकीर्तन और भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में श्रीधाम वृन्दावन से गायक भारत उमेश ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया और भंडारा दिया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका।

# 'किसी अनजान के लिए भी जीवनरक्षक से कम नहीं होते रक्तदाता'

## फिनिक्स क्लब द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित, राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने की शिरकत

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सामाजिक** संस्था फिनिक्स क्लब द्वारा रेलवे रोड पर स्थित वात्सल्य वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही की जा सकती है क्योंकि किसी भी फैक्ट्री या कारखाने में रक्त का निर्माण नहीं किया जा सकता इसलिए केवल रक्तदान कर जहां हम रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं, वहीं



रक्तदान करके हम किसी अज्ञात के लिए भी जीवन रक्षक बन सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक स्वस्थ नागरिक 3 महीने बाद रक्तदान करते रहें। इससे पूर्व वात्सल्य वाटिका में पहुंचने पर फिनिक्स क्लब के सदस्यों ने राज्यमंत्री सुभाष सुधा का स्वागत किया। वात्सल्य वाटिका के संस्थापक संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्रजक ने विद्यालय परिसर में चल रही गतिविधियों से राज्य मंत्री सुभाष सुधा को अवगत करवाया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से बातचीत भी की। इसके उपरांत उन्होंने फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी के जन्मदिवस की उपलक्ष में आयोजित इस रक्तदान शिविर में जहां रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया, वहीं समाजसेवी एवं फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दिन और उनके जन्मदिन का केक भी उनके साथ काटा। रक्तदान शिविर में पार्थ ब्लड बैंक की अनुभवी टीम द्वारा लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में मास्टर जितेंद्र जीतू और मिथुन समाना ने भी अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि समाजसेवी धीरज गुलाटी पिछले 11 वर्षों से लगातार अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। रक्तदान शिविर में पहुंचे समाजसेवी एवं सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब, आशीष सभरवाल, सुरेंद्र ढींगरा, सतीश ललित आदि ने कहा कि युवाओं को धीरज गुलाटी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जन्मदिन पर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर विजेश एलावादी, अमित अरोड़ा, दीपक चिब, जितेंद्र मेहता लक्की, देवेन भाटिया, अरुण गुप्ता, राजेश छाबड़ा, अमित गुलाटी, विनीत अग्रवाल, अश्वनी अरोड़ा, विवेक कक्कड़, कीर्ति खोसला, रवि नंदन आहूजा, राजेश छाबड़ा, गौरव पूजानी, अमन गर्ग, राजीव वैद, दिनेश छाबड़ा, रिंकू छाबड़ा, सतपाल खुराना, सौरभ गुलियानी, सुमित अरोड़ा, रिपुदमन कालड़ा, राजिंद्र वर्मा, डॉ. राजेश वधवा, विद्यालय के प्राचार्य गौरव चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

# पश्चिमी कमान ने पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया

**मनीष कुमार**

**अम्बालाः पश्चिमी कमान** ने अपने दिग्गजों, वीर नारियों, विधवाओं और उनके परिवारों के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए आज अंबाला छावनी में एक पूर्व सैनिक रैली "संपर्क से मिलाप" का आयोजन किया। हरियाणा राज्य के आठ जिलों को कवर करने वाली रैली एक बड़ी सफलता थी, जिसमें 2400 से अधिक पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। रैली में पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग



उपस्थित थे। रैली को संबोधित करते हुए, पश्चिमी कमान के जीओसी-इन-सी ने सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ भारतीय सेना की एकजुटता का आश्वासन दिया कि सेना उनकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील है और पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनकी जरूरतों को सुनिश्चित करने और उनके परिवारों की देखभाल के लिए हर प्रयास करेगी। उन्होंने उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने, सम्मान सुनिश्चित करने और उनकी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के सेना के लक्ष्य को भी दोहराया।

## संपादकीय

# लोकसभा चुनाव और पीएम की रैलियां

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरूआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे। दोनों पिता-पुत्र मजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है। प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है। इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है।

मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे। गोविल ने अपने जमाने के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम का रोल निभाया था। देखा जाए तो इस धारावाहिक के अलावा अरुण गोविल को फिल्म अथवा छोटे परदे पर बहुत जगह नहीं मिली। इस तरह वह लोगों की नजर से अंतर्ध्यान ही रहे किंतु अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम का हर प्रतीक महत्वपूर्ण लगने लगा है।

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

रमेश सर्राफ धमोरा

> "वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है"

**राजस्थान** में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है। चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की



जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं। भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है। राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# पर्यावरण और लोकसभा चुनाव

**डा मनमोहन प्रकाश**

**मैं** पर्यावरण देश के मतदाताओं से, राजनीतिक पार्टियों से, चुनाव में खड़े प्रत्याशियों से अपनी पीड़ा साझा करना चाहता हूं, सुधार हेतु प्रयास करने के लिए अनुरोध करना चाहता हूं। जैसा की आप सभी भारतीयों को ज्ञात है कि भारत में लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है।इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं, रैलियों, मीटिंगों को आयोजित करने में व्यस्त हैं। सभी प्रत्याशी अपने समर्थन में पार्टी के स्टार प्रचारक नेताओं की सभाएं आयोजित करने के लिए प्रयास रत हैं। जीत के लिए किये जा रहे प्रयासों में कोई कमी न रहे इस हेतु प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं , ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने के लिए मतदाताओं से अनुरोध कर रहे हैं। मतदाताओं को आश्वासन भी दे रहे हैं कि मेरी जीत न सिर्फ मतदाताओं की जीत होगी अपितु मतदाताओं और चुनाव क्षेत्र की समस्याओं का निदान और विकास भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही जीत के बाद मेरा लक्ष्य रहेगा अपने मतदाताओं के सुख-दुख में शामिल होना और लोकसभा क्षेत्र के साथ प्रदेश के हितों का ध्यान रखना , देश की आन-बान-शान के लिए काम करना और राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर स्थान देना, प्राथमिकता प्रदान करना। मेरा संकल्प रहेगा कि मेरा देश आत्मनिर्भर बने , विकसित राष्ट्र की सूची में स्थान प्राप्त करे तथा उसकी अर्थ व्यवस्था विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करे। कुछ प्रत्याशियों द्वारा, राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहा जा रहा है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है, सरकारी ऐजेंसियों का दूरपयोग हो रहा है, धर्म विशेष और उसको मानने वाले लोगों की नागरिकता खतरे में है, किसानों को उनकी उपज के लिए उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। अतः देश की विविध समस्याओं के निराकरण के लिए , सही प्रत्याशियों के चयन के लिए मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए।ऐसा देखने में भी आ रहा है कि प्रत्याशियों द्वारा/राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है। सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक, मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी, विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को, समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने, महंगाई को कम करने, भ्रष्टाचार को खत्म करने,रोजगार उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ,रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है, ऐसा लगता है इस बार भी करेंगी। हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जलकर , बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है।

## विचार

# संकल्प संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र

**संजीव**

**किसी भी** लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है` किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूवार्नुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए

अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है` अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगो, इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा`सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिऐ जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगोकई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी ,मानसिक शिथिलता,सामाजिक,पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है। इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जनता में मीडिया की विश्वसनीयता

**भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया का दुनियां के हर देश को उसके विकास की पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मीडिया संसाधन है,जो न केवल अंतर्राष्ट्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तरपर भी मीडिया न्यायपालिका कार्यपालिका और विधानपालिका के बाद चौथा स्तंभ के रूप में कहा जाता है जिसका महत्व आदि अनादि काल से ही रहा है। वहीं भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले कारकों में मीडिया की भी गिनती होतीहै,महात्मा गांधी से लेकर अनेक नेतृत्व कताओं ने मीडिया के महत्व को रेखांकित किया है।जहां वर्तमान परिपेक्ष में मीडिया के अति विकास प्रौद्योगिकी युग में डिजिटलाइजेशन के चलते रेडियो के माध्यम से अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के पास भी पूरी जानकारी पहुंचाने में मीडिया का काफी योगदान रहा है वहीं मीडिया में कुछ विसंगतियां भीउत्पन्नहोना शुरू हो चुकी है, स्वतंत्र मीडिया पर कुछ परत बैठी हुई नजर आने लगी है। कोई उसे इस राजनीतिक संस्थान की विचारधारा वाला मीडिया हाउस हैकहता है तो कोइ उसे उसराजनीतिक पार्टी की विचारधारा वाला मीडिया कहता है। यह स्थिति आम जनता रेखांकित कर रही है। मैं स्वयं 25 वर्षों से टीवी चैनलों पर डिबेट में बहुत सी बातें इस संबंध में मार्क करते रहता हूं। मीडिया को माननीय उपराष्ट्रपति ने दिनांक 15 सितंबर 2023 को और फिर दिनांक 23 मार्च 2024 को भी आग्रह किया है कि मीडिया को पक्षपात पूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान बनाने से रोकना होगा, क्योंकि जनता में मीडिया की विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण से जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को रेखांकित करना होगा ताकि विश्वास बना रहे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 मार्च 2024 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में मीडिया के संबंध में विचारों की करें तो, उपराष्ट्रपति महोदय ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक प्रवचन पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए, एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर बल दिया।

# कौन चाहिए?

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** बार जंगल में पक्षियों के बीच चुनाव हुआ। मैदान में दो ही उम्मीदवार थे झ्र एक सरकारी कौआ और दूसरा प्राइवेट कोयल। चील, कबूतर, मोर, बगुला, मैना, तोता, गोरैया और बहुत सारे कौए और कोयल के गुटों में बंट चुके थे। पहले चील ने निजीकरण समर्थक कोयल का पक्ष रखते हुए जोरदार भाषण देते हुए कहने लगी झ्र देखा जाए तो प्राइवेट कोयल के सामने सरकारी कौए की क्या बिसात? क्या कौआ कोयल की तरह मीठा गा सकता है? एक बार कोयल अपना प्राइवेट सुर अलापने लगे तो हमारे दुख-दर्द चुटकियों में मिट जाते हैं। सरकारी संस्थाएँ कौए की तरह कुरूप दिखने लगी हैं। ऐसे कौए को तबीयत से मजा चखाना चाहिए। चील का भाषण आग उगल रहा था। जनता रूपी बाकी पक्षी तालियाँ बजा-बजाकर उसकी हौंसलाफजाही करने लगे। चील ने आगे कहा झ्र जो कोयल को पसंद नहीं करते, वह देशभक्त नहीं देशद्रोही है। यह सुन कुछ पक्षियों ने कहा झ्र चील दादा! ऐसा जरूरी नहीं है कि प्राइवेटीकरण का विरोध करने वाले देशद्रोही और सरकारी संस्थाओं का समर्थन करने वाले देशभक्त होते हैं। देशद्रोही भी प्राइवेटीकरण का समर्थन करने वाले होते हैं। हमें तो यह समझ में नहीं आता कि प्राइवेट और सरकारी के पचड़े में देशभक्ति और देशद्रोह का नारा कहाँ से आ गया? इसी बीच कोयल गुट के कुछ पक्षी चील को बगल में ले गए। कानाफूसी की। चील ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा - हमारे बीच में पड़ोसी जंगल के आतंकवादी संगठन के कुछ पक्षी घुस आए हैं। उन्हें पहचानने, विरोध करने तथा मारकर भगाने की जरूरत है। जंगल के सभी पक्षी चौकन्ने हो गए। उनका ध्यान अब कोयले के प्राइवेटीकरण से हटकर कौए की सरकारी संस्थाओं पर था। चील ने अवसर को भुनाते हुए कौए को खुली चुनौती देने लगा और कहने लगा झ्र मैं सरकारी कौए को खुली चुनौती देता हूँ कि उसमें दम है तो सबके सामने कोयल के मीठे-मीठे सुर वाले प्राइवेटीकरण से लोहा लेकर दिखाए। यदि वह जीत जाता है तो कोयल राजनीति से संन्यास ले लेगा। चुनावी माहौल को देखकर लगता था कि चुनाव एकतरफा होने वाला है। कोयल की जीत निश्चित लग रही थी।

# कुरुक्षेत्र के रण में वैश्य उम्मीदवार ठोकेंगे ताल

= दो साल से की जा रही लॉबिंग से वैश्य बिरादरी को लोकसभा में अलग-अलग राजनीतिक दल से मिले उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश में लोकसभा चुनाव में लिए मैदान सज रहा है। इसी बीच राजनीतिक दलों द्वारा वैश्य बिरादरी से 2 उम्मीदवारों को एक ही लोकसभा क्षेत्र में किस्मत आजमाने का मौका दिया, यह साबित करने के लिए काफी है कि अब राजनीतिक दल वैश्य समाज को गम्भीरता से लेने लगे हैं। सम्भावनाएं जताई जा रही हैं कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। दो साल पहले प्रदेश में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन द्वारा वैश्य बिरादरी के उम्मीदवारों को प्रतिनिधित्व देने की मुहिम में बिरादरी को जोड़ने और राजनीतिक दलों से आह्वान किए जाना अब रंग

**प्रभाव**

**8 सम्भावनाएं जताई जा रही हैं कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा**

ला रहा है। प्रदेश में वैश्य समाज मे संगठनों द्वारा मिलकर किए गए प्रयासों की बदौलत एक दशक बाद राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्रदेश में वैश्य बिरादरी के नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है। भले ही कुरुक्षेत्र में भाजपा व इंडिया गठबंधन द्वारा वैश्य उम्मीदवार उतारे गए हैं, लेकिन इससे प्रदेश में छह महीने बाद प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में यह



प्रतिनिधित्व तेजी से बढ़ने की उम्मीद बन गई है। गौरतलब है हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं दो मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रह चुके राजीव जैन दो वर्ष पूर्व सभी दलों से एक लोकसभा सीट, एक राज्यसभा सीट तथा विधानसभा में 15 टिकट देने के लिए प्रयास शुरू किए गए थे। उन्होंने न केवल प्रदेश के सभी वैश्य संगठनों को एक मंच पर लाने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, वहीं योजनाबद्ध तरीके से सिलसिलेवार कार्यक्रमों की श्रृंखला का आगाज किया। वैश्य समाज ने राजनीतिक दलों को अपनी ताकत का अहसास करवाने के लिए पूरे प्रदेश में महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों से ओत-प्रोत 18 युवकों की 11 दिनों तक मोटर साइकिल यात्रा निकाली और गत वर्ष एक अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर जींद में वैश्य संकल्प रैली के माध्यम से हजारों की भीड़ जुटाकर राजनैतिक दलों को चेता दिया था कि समाज की की गई अनदेखी होने वाले चुनावों में भारी पड़ेगी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी इस बार शुरूआत से ही वैश्य समाज को एक टिकट देने पर मंथन कर रही थी। चुनाव की तैयारियों के लिए आयोजित प्रारंभिक बैठकों में भी यह मुद्दा जोर शोर से उठता रहा। भाजपा ने संगठन के रूप में अर्चना गुप्ता की महामंत्री पद पर की गई नियुक्ति इसी दिशा में एक सार्थक पाणिनाम था। कांग्रेस और आप पार्टी के समझौते में कुरुक्षेत्र की सीट से पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉक्टर सुशील गुप्ता को मैदान में उतारे जाने से भाजपा पर दबाव और भी बढ़ गया। भाजपा शुरू से ही कुरुक्षेत्र सीट पर प्रमुख उद्योगपति एवं पूर्व सांसद नवीन जिंदल पर दांव लगाने के लिए जोर लगा रही थी और आखिर कामयाब हुई।

# सरकार ने जो भरोसा कर उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर वह खरा उतरेंगे: सुधा

**परिचर्चा**

**8 भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने की राज्य मंत्री सुभाष सुधा से विकास कार्यों पर परिचर्चा**



**दलबीर मलिक**
**लाडवा :** हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आचार संहिता के बाद कुरुक्षेत्र जिले के विकास कार्य तेजी के साथ होंगे। राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाजपा नेता घनश्याम कंबोज के निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो उन पर भरोसा कर उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर वह खरा उतारने का काम करेंगे और कुरुक्षेत्र जिले में तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे।
राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने लाडवा हल्के की बात करते हुए कहा कि लाडवा के लोगों के जो अधूरे पड़े काम है, वह बुलेट ट्रेन से भी तेजी के साथ करवाएंगे। उन्होंने नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना को भी आश्वासन दिया कि लाडवा क्षेत्र में जितने भी नगर पालिका के अधीन अधूरे पड़े काम है, आचार संहिता समाप्त होते ही उनको तेजी के साथ पूरा करवाया जाएगा। वहीं उनके साथ भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में सभी का समान रूप से विकास हो रहा है और अब राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही कुरुक्षेत्र जिले के हैं। अब कुरुक्षेत्र जिला हरियाणा के मानचित्र पर भाजपा सरकार में अलग तरीके से चमकता हुआ नजर आएगी। वहीं उन्होंने लाडवा हलके के विकास के लिए राज्य मंत्री सुभाष सुधा से कहा कि वह आचार संहिता खत्म होते ही जल्द से जल्द लाडवा हल्के में जो भी अधूरे काम पड़े हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा करवाए और सबसे मुख्य जो लाडवा के लोगों की मांग है, वह है बाईपास की किसी भी तरह विधानसभा चुनाव से पहले पहले लाडवा से बाईपास की मंजूरी दिलवाई जाए।

# स्कूल में प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण हुआ सपन्न



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुढपुर में स्कूल प्रबंधन समिति का पी पी टी 43 क्वार्टर प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य स्कूल प्रबंधन समिति को विद्यालय के विकास की योजनाएं बताना व विद्यालय में विद्यार्थियों को अधिगम संबंधित गतिविधियों व उनसे प्रतिपुष्टि प्राप्त करना रहा ।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का प्रत्येक कार्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुरक्षा विद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों में नैतिकता का विकास करना व अनुशासन बनाए रखने में विद्यालय हमेशा प्रयासरत रहेगा ।इसके अतिरिक्त सभी सदस्यों से विद्यालय के विकास ,विस्तार से संबंधित सुझाव भी मांगे गए जिनमें सभी

**बैठक**

**8 मीटिंग का मुख्य उद्देश्य स्कूल प्रबंधन समिति को विद्यालय के विकास की योजनाएं बताना था**

सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं -विद्यालय में दूर से आने वाले विद्यार्थियों को परिवहन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाना ।विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देना व इसके लिए खेल के मैदान की चारदीवारी करवाना ।जो विद्यार्थी किसी भी कारण से स्कूल में ना आते हो उन विद्यार्थियों को स्कूल में दाखिला करवाना। विद्यार्थियों में पढ़ाई से संबंधित रुचि उत्पन्न करने के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाना आदि रहा।

# संत आसाराम आश्रम में धूमधाम से मनाया होली पर्व

**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जहां हर जगह होली का पर्व बड़ी ही प्रसन्नता के साथ मनाया गया वही संत श्री आसाराम आश्रम में यह पर्व एक अनोखे ढंग से मनाया गया इस मौके पर आश्रम के संचालक व श्री योग वेदांत सेवा समिति के सदस्यों द्वारा पलाश के फूलों से आयुर्वेदिक पद्धति से रंग तैयार कर हरि नाम का कीर्तन करते हुए सभी साधकों पर डाला गया इस मौके पर आश्रम के संचालक संतोष भाई ने बताया कि होली में स्वास्थ्य सुरक्षा का रहस्य छिपा हुआ है क्योंकि ऋतु परिवर्तन होने के कारण पिघला हुआ कफ होली के उत्सव में कूद कूद कर नाचने से बाहर निकल जाता है उन्होंने बताया कि इस मौसम में



15-20 दिन तक सुबह 20-25 नीम के कोमल पत्ते और एक काली मिर्च चबाकर खाने से व्यक्ति सालभर स्वस्थ रहता है इस

**होली**

**8 पलाश के फूलों से आयुर्वेदिक पद्धति से रंग तैयार कर हरि नाम का कीर्तन करते हुए साधकों पर डाला गया**


मौके पर सभी साधकों ने बम बम भोले के जयकारे भी लगाए तथा बाद में सभी साधकों ने बढ़ बादशाह के प्रांगण में बैठकर अपने गुरु मंत्र का जाप किया इस मौके पर समिति के प्रधान रामेश्वर भूपेश, योगेश, हरीश ढींगरा, रोहित, रजनीश, विजय, नारायण सहित दर्जन ऑन महिलाएं भी शामिल रही

# 'जिले में 52 मंडियों और खरीद केंद्रों पर खरीदी जाएगी किसान की फसल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद।** जिला में किसानों की गेहूं की फसल खरदीने के लिए 52 खरीद केंद्र बनाये गए है और तीन मंडियों फतेहाबाद, भूना और भट्टू कलां में सरसों की खरीद की जाएगी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय में जिला की खरीद एजेंसियों और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ बैठक करके खरीद कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि किसानों को गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। मंडी व खरीद केंद्रों पर आने वाली रबी फसल को सरकार की हिदायतानुसार खरीद करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीद के दौरान जिला में मंडि?ों में किसानों के समक्ष जैसे बिजली-पानी, शौचालय व टोकन आदि सहित अन्य किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही किसान मंडियों में अपनी फसल लेकर आएंगे।
फसल खरीद के बाद मंडी से फसल का उठान भी साथ-साथ होना जरूरी है। खरीद के दौरान पर्याप्त संख्या में बारदाना भी होना चाहिए। यदि बारदाना कम है तो उसके बारे में उच्चाधिकारियों से संपर्क करें।

# नेटबॉल में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा:** 20 मार्च, 2024 से 24 मार्च 2024 तक खरखौदा, हरियाणा में आयोजित 15वीं फेडरेशन कप नेटबॉल में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी दहिया व हर्षिका मलिक ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हरियाणा ने 24/27 के स्कोर से कर्नाटक की टीम को हराकर यह जीत हांसिल की। इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों की आठ टीमों के



लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
दोनों बच्चों की इस जीत ने अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने विजयी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सी.वाई.एस.एस. ने निकाला कैंडल मार्च

**विरोध**

**8 कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता भी शामिल हुए**



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सी.वाई. एस.एस. की हरियाणा इकाई ने मंगलवार सांय पिपली में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता भी शामिल हुए। सभी कार्यकर्त्ता सी.वाई. एस.एस. के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर पांचाल के शंकर कॉलोनी स्तिथ निवास पर एकत्र हुए जिसे सुशील गुप्ता ने संबोधित किया। इसके बाद सभी जुलूस की शक्ल में कुरुक्षेत्र रोड़ पहुंचे। छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत बराड़ के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने लाडवा रोड़ पिपली से कुरुक्षेत्र रोड़ तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी व कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के विरोध में शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। इस कैंडल मार्च में कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर कहा कि देश का युवा अरविंद केजरीवाल के साथ है और इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबी मोदी सरकार आम आदमी पार्टी को कुचलने और खत्म करने के षड्यंत्र में दिन रात लगी हुई है। उनको ये लगता है कि अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर वे उनकी सोच और भारत को भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने की ज़िद को खत्म कर देंगे।
लेकिन नरेंद्र मोदी को शायद ये नहीं मालूम कि अब हर घर में एक केजरीवाल है। भारत बराड़ ने कहा कि पूरा भारत देश केजरीवाल के साथ है। उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हरियाणा का युवा हर जिले में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। गत दिनों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से कुरुक्षेत्र में धरना प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन इस सरकार के इशारे पर कायरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया जिसकी चारों ओर निंदा की जा रही है। सी.वाई.एस.एस. के प्रदेश महासचिव शुभम राणा और कुरुक्षेत्र जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर पांचाल ने कहा कि केंद्र सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करने पर तुली हुई है लेकिन ये तानाशाही ज्यादा दिन नहीं चलेगी। लोकसभा चुनाव नजदीक है चुनाव के समय पर जनता इनका फैसला करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिकेत सिंह, जिला सचिव मोहित कश्यप, छात्र नेता लक्की चौहान, आईटीआई उमरी से अध्यक्ष एलिश, छात्र नेता विक्की ठाकुर, करण गाबा, शुभम सिरसला, यश कु मार, अमान, हर्ष, दुष्यन्त,योगेश,विकास,राहुल और गौरव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के लिए सोनीपत से श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** बुधवार सुबह सोनीपत रेलवे स्टेशन से करतारपुर साहिब गुरुद्वारा के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। इस मौके पर नगर निगम मेयर निखिल मदान रेलवे स्टेशन पर पहुँचे और उन्होंने मौके पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं को सरोपा भेंट कर सुखद यात्रा की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने अपना अंतिम समय गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में गुजारा था। लगभग 18 साल गुरु नानक देव जी करतारपुर साहिब में रहे और वहीं उन्होंने अपने देह का त्याग किया। इसीलिए करतारपुर साहिब का सिख धर्म में बड़ा धार्मिक महत्व है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिक्ख



सम्प्रदाय के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का जीवन एक धर्म विशेष के लिए ही नही अपितु समस्त मानव जाति के लिए मानवता और करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरु नानक जी ने सदैव दीन दुःखियों की सहायता करने की सीख दी और सद्कर्म पर चलने की राह दिखाई। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज हम सब को गुरु नानक जी के संदेशों को अपने जीवन मे अपनाने की बेहद आवश्यकता है ताकि हम सब एक दूसरे के काम आ सकें। गुरु नानक जी ने सदैव समानता और भाईचारे का संदेश दिया जो आज के जीवन मे बेहद जरूरी है। वो सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हैं और सबकी मनोकामना पूरी हो ऐसी कामना करते हैं। इस मौके पर रमेश अरोड़ा, प्रेम नारंग,महेन्दर खुराना,पवन शर्मा,सुरेश अरोड़ा,वीरेंद्र ,हरनाम सिंह,रमेश

**माता के दर पर**

**8 गुरु नानक जी ने सदैव समानता और भाईचारे का संदेश दिया जो आज के जीवन मे बेहद जरूरी है। वो सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हैं और सबकी मनोकामना पूरी हो कामना करते हैं**

सुनेजा,प्रेम बत्रा,सुरेंद्र चुघ,राजिंदर भाटिया, दिनेश तनेजा,जुगल ज्योति, रोहित नारंग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 'विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन की अन्य गतिविधियों एवं सामाजिक तौर पर जागरूक करना भी आवश्यक'

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन की अन्य गतिविधियों एवं सामाजिक तौर पर जागरूक करना भी आवश्यक है। इस के लिए नेशनल सर्विस स्कीम के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जाता है। कुरुक्षेत्र में कैंप कोऑर्डिनेटर ईश्वर सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा में सात दिवसीय नेशनल सर्विस स्कीम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बारहवीं कक्षा के 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान ग्रामीण आंचल की गलियों में नशा मुक्ति अभियान जागरूकता रैलियां निकाली गई। कैंप



कोऑर्डिनेटर ईश्वर सिंह ने बताया कि यह शिविर 23 मार्च से शुरू हुआ था और इसका समापन 28 मार्च को होगा। 23 मार्च से ही विद्यार्थियों को नेशनल सर्विस कैंप के कार्यकलापों के बारे में अवगत करवाया गया। शिक्षण संस्थान की सफाई, पीने के पानी की टंकियां की सफाई एवं अन्य गतिविधियां लगातार करवाई जा रही हैं। इस तरह काम के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन एवं आपस में मिलजुल कर रहने का कौशल जागृत होता है। देश के प्रति सद्भावना पैदा होती है। जीवन कौशल का विकास होता है।

# 'एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही विज्ञापनों का प्रसारण करेंगे केबल ऑपरेटर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) बनाई गई है। उपायुक्त इस कमेटी के चेयरमैन, डीआईपीआरओ सदस्य सचिव तथा एसडीएम फतेहाबाद, सीडीएलयू सिरसा के सहायक प्रोफेसर डॉ. कृष्ण कुमार तथा वरिष्ठ पत्रकार जगदीश रावी कमेटी के सदस्य हैं। जिला में केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है।
इस बारे विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को मुख्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी। इसके साथ ही जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण

**दिशा-निर्देश**

**8 नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्रवाई**

नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनीतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरुस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरुस्त करके दोबारा आवेदन करना होगा।

# भाजपा ने वाल्मीकि समाज को राजनीतिक सम्मान दिया: विशंबर

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) राज्य मंत्री बिशंबर वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश के साढ़े छह दशक के काल में भाजपा ने सबसे ज्यादा वाल्मीकि समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने कहा कि मंत्री पद उन्हें नहीं, वाल्मीकि समाज को मिला है। वह करनाल में भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के संस्थापक प्रधान बनारसी दास जाणी के निवास स्थान पर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। यहां उन्होंने नवविवाहित जोड़े (संजय-अंजू) को आशीर्वाद दिया और उनके जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी को मंत्रिमंडल में स्थान देने पर आभार जताते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने वाल्मीकि समाज को हमेशा से ही सरकार में उचित स्थान दिया है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति पर भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर की भलाई के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारी सरकार जनता की सरकार है। गांव, गरीब और किसानों की सरकार है। सरकार चलाने का अर्थ है जनता की सेवा करना और उनके दुख दर्द को दूर करके समस्याओं का समाधान करना है। हमारी सरकार जनता की सरकार है और जनता का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि अमरनाथ सौदा के साथ-साथ संजय मॉडल टाउन, राकेश डाकवाला, संदीप, संजीव जलमाना, राजबीर शेखपुरा, सेवानिवृत्त मुख्य डाकपाल राम किशन ढ़ाकवाला, रोहतास पहलवान, राजेन्द्र खेडा, नरेश अमृतपुर, सोमदत बागडी, सुंदर बेगमपुर, संजय सौदा, अमित सामरा और प्रिंसिपल बनारसी दास आदि मौजूद रहे।



# हवन यज्ञ करके कार्यालय के शुभारम्भ पर दिया भाजपाईयों ने दिया जीत का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई: भाजपा के सोनीपत** लोकसभा से प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने अपने कार्यालय का हवन यज्ञ करके शुरू किया। हवन यज्ञ कार्यक्रम में भाजपा के जिला के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने संबोधित करते हुए कहा कि सोनीपत लोकसभा में पिछल्ले 6 बार भाजपा के प्रत्याशी जीत चुके है। इस बार सबसे ज्यादा वोट से जीत हासिल करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए जनहित के कार्य व बनाई गई नीतियों से देश की जनता खुश है। जितना विकास भाजपा के कार्यकाल में हुआ है, उतना विकास किसी पार्टी के कार्यकाल में नही हुआ। जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजय हो, इसके लिए हम सब कार्यकर्ताओ को अपनी पूरी ताकत के साथ लगना होगा शक्ति केंद्रो और बूथ तक हमें जाना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में रामराज्य लाना है और देश को विकसित भारत बनाना है तो हमे लोकसभा चुनाव में जितना होगा तभी हम फिर से भारत को विश्व बना पाएंगे। कई देश विरोधी विदेशी ताकते रोकने का प्रयास भी करेगी। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि आगामी दिनों में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव केवल चुनाव ही नहीं है, बल्कि भारत को विश्व गुरु बनाने एवं देश के सपनों को नई उड़ान देने का चुनाव है, विजन है।



## न्यूज फ्लैश

### सोशल मीडिया पर जारी होने वाली हर सूचना पर रहेगी पैनी नजर : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन** अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दल सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हैंडल आदि पर किसी भी तरह की विवादित चुनाव प्रचार सामग्री पोस्ट न करें। पूरी चुनाव प्रक्रिया के समय जिला निर्वाचन कार्यालय की सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव 2024 में सोशल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय व जिला टीम गठित की है। टीम न केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का अनर्गल पोस्ट करने से बचें।

**भ्रामक खबरों पर भी रखी जा रही है कड़ी नजर**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए आने वाली भ्रामक खबरों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके दायरे में यूट्यूब चैनल के माध्यम से आने वाली खबरें भी आएंगी। इसके लिए आयोग ने एक्सपर्ट टीम तैयार की है जिसमें आईटी से जुड़े लोग, मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी शामिल हैं। विभिन्न समाचार चैनल और अखबारों में आने वाली खबरें भी इसके दायरे में हैं। हर दिन जिला स्तर पर चैनल और अखबारों में प्रकाशित खबरों की समीक्षा राज्य स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला जिला प्रशासन की नजर में आएगा तो शोकॉज के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईटी अधिनियम की धारा 69 और 79 (3) के तहत अधिकारियों को फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का अधिकार भारत चुनाव आयोग को है।

### लंबित केसों के निपटारे में बार-बेंच को मिलकर करनी चाहिए पहल- अनिल खेत्रपाल

**सोनीपत**

**पंजाब एवं हरियाणा उच्च** न्यायालय के न्यायाधीश अनिल खेत्रपाल ने कहा कि लंबित केसों के निपटारे में बार-बेंच को मिलकर पहल करनी चाहिए। बार और बेंच के बीच संबंध हमेशा ही मधुर होने चाहिए, तभी न्याय प्रणाली सुचारू तरीके से चल पाएगी। यह प्रयास दोनों ही तरफ से किया जाना चाहिए। जस्टिस अनिल खेत्रपाल बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के मीटिंग रूम में अधिवक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उनका बार में पहुंचने पर प्रधान अनिल ढुल व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेशन जज) प्रमोद गोयल भी मौजूद रहे। न्यायाधीश ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए सदैव आगे रहकर निष्पक्ष कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को न्यायपालिका पर अनेक उम्मीद है। न्यायाधीश अनिल खेत्रपाल के सामने एसोसिएशन प्रधान अनिल ढुल ने अधिवक्ताओं के चैंबर दिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि नए चैंबर की आवश्यकता है।

### गांव बसंतपुर में डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील करते हुए स्वीटी रंगा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :कांग्रेस नेत्री स्वीटी** रंगा नलवी ने हल्का शाहाबाद के गांव बसंतपुर में जनसंपर्क कर कुरुक्षेत्र लोकसभा के उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतेंगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश और प्रदेश में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ,महिलाओं सहित हर वर्ग का भविष्य सुधारने का काम करेगी। देश से बेरोजगारी खत्म होगी । चिकित्सा और शिक्षा में सुधार होगा। रोशनी ,अंकुश अनारकली ,संतोष रानी, सुमन देवी उपस्थित रहे। गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता व अन्य कार्यकताओं पर पुलिस द्वारा

# 'एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही विज्ञापनों का प्रसार करेंगे'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन कर दिया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क



अधिकारी मनोज कौशिक इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निदेर्शों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उलंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी।

# बदलते मौसम में बीमारी से बचने के लिए पीएं खूब पानी: डा. नैत्रपाल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रोगों से बचना** है तो बाहर के खाने से परहेज रखें खूब पानी पीएं। यह सलाह देश के जाने माने मैडीसन स्पेशलिस्ट डा. नैत्रपाल ने कही। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन खुराक के साथ तरल पदार्थ के साथ पानी की मात्रा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि गर्मियों में लोगों को संक्रमण अधिक होता हैं। सब्जियों और फलों को खाने से पहले कम कम आधा घंटे नमक के पानी में डाल कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम बदलने के साथ ही उल्टी, दस्त, पैचिस पेट की बीमारी डायरिया, टायफाइड, पीलिया, हेजा जैसी बीमारियां बढ़ रही है। इनसे बचने के लिए खान-पान पर नियंत्रण रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाहर के खान-पान से बचना चाहिए। एक सवाल के जबाब में उन्होंने बताया कि शुगर बीपी और दमे के रोगी संक्रमण से बचें। पहनावे में भी हाईजेनिक रहना चाहिए। गर्मी का मौसम सैर करने के लिए सबसे अधिक अनुकुल रहता है। तडके सैर करें। देर शाम को भी सैर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाने के समय शिकंजी, लस्सी और पानी का अधिक प्रयोग करना चाहिए। कम पानी के कारण किडनी फैल हो सकती है।

# युवक का रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना थाना क्षेत्र** में दोस्त को उसके घर छोड़कर वापिस आ रहे युवक का रास्ता रोककर लोहे की रॉड व सूओं से हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। गांव माझरी निवासी इंद्रवेश ने बताया कि गत 25 मार्च को करीब पांच बजे वह अपने दोस्त लविश को मोहाना गांव में उसके घर छोड़ने के लिए गया था। उसे छोड़कर वापिस आ रहा था। वह जाजी रोड पर सरकारी अस्पताल मोहाना के पास पहुंचा। उसी दौरान मोहाना निवासी विनित, नवनीत, व शिवम् उर्फ गांधी निवासी नैना व उसके पांच सात दोस्त खड़े थे। जोकि मोटरसाइकिल व कार में सवार होकर पहुंचे थे। उसे रास्ते में रोक लिया। उसके बाद उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर लोहे की रॉड, बिट्टों व सुओं से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया।

# बाबा श्याम मन्नत मांगने वाले भक्तों की मुराद पूरी करते है : प्रतीक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई: गांव जांटी कलां** में फूलों की होली खेलते हुए श्याम बाबा का भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता श्री श्याम सेवा समिति के सदस्यों ने बाबा का आशीर्वाद लेने आए समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में पंडित राकेश कौशिक को बच्चों की जान बचाने का बेहतर कार्य करने पर लिए समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने सामाजिक तौर से पंडित राकेश कौशिक का सम्मान व पुरस्कृत किया। सम्मान किए जाने पर जांटी कलांवासियों ने राकेश कौशिक को



बधाई दी। पंडित दीपक शर्मा प्रोग्राम में समा बाधते हुए बाबा श्याम का गुणगान कर अपने भजनों द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी प्रतिक शर्मा ने समिति द्वारा किए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है। बाबा श्याम भक्तों की मन्नत मांगने पर मुराद पूरी करते है। बाबा श्याम की कृपा भक्तों पर हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम कलयुग के अवतार है। इस शुभ अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति के सदस्य अशोक कुमार, रेणु कौशिक, अनिल तुषीर, निशांत कौशिक,अमित शर्मा एवं भजन गायक रिंकू श्याम दीवाना, गौरव कुशवाह, शुभम ठाकुर, इंशु गौड़ आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।

## 190 कोरोना कर्मचारियों की बहाली को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**फतेहाबाद: कोरोना** कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के एक प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा को एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जिला प्रधान गुरप्रीत सिंह ने विधायक को बताया कि कोरोना काल में 826 कोरोना योद्धा कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध के तौर पर नियुक्त किया गया था। कोरोना काल खत्म होने के बाद उन्हें हटा दिया गया था। बाद में जब एसोसिएशन ने उक्त कर्मचारियों को रोजगार देने के संदर्भ में पुरजोर मांग उठाई तो पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया था।

# लोकसभा व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर की बैठक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21-करनाल और उपचुनाव विधानसभा करनाल को लेकर एसडीएम अनुभव मेहता ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव करनाल के मतदाताओं के लिए पिछली बार से अलग तरह का चुनाव है। इस चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा दो वोटिंग मशीनों की व्यवस्था की जाएगी तथा मतदाताओं को भी दो बार वोट डालने का मौका मिलेगा। एक वोटिंग मशीन में लोकसभा तथा दूसरी वोटिंग मशीन में विधानसभा



करनाल के उपचुनाव के लिए मतदान किया जा सकेगा। ऐसी व्यवस्था केवल करनाल विधानसभा के पोलिंग बूथों पर रहेगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे इस बारे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। प्रशासन भी इस संबंध में मतदाताओं का ज्ञानवर्धन करेगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी से कहा कि वे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21-करनाल और उपचुनाव विधानसभा करनाल को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करें और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर जेजेपी से राकेश संधू, बीजेपी से राजबीर शर्मा तथा कांग्रेस से जोगिंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एप पर मतदाता व उम्मीदवार घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित जानकारी

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

# अपराध व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले में अपराध** व कानून एवं व्यवस्था बनाएं रखने के लिए समीक्षा गोष्ठ का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस विभाग में तैनात पूर्व जोन के सभी एसीपी, ईचार्जा अपराध शाखा, थाना प्रबंधक, व चौकी प्रभारी मौजूद रहे। विभाग के अधिकारियों की तरफ से चुनावों के मुद्देनजर रखते हुए गोष्ठी में चर्चा की गई। जिसमें जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु विचार विमर्श किया। मीटिंग में उन्होंने अपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पिछली अपराध समीक्षा गोष्ठी में उठाए गए व पुलिस हेडक्वार्टर पंचकूला एवं पुलिस आयुक्तालय सोनीपत से प्राप्त हुए बिंदुओ पर थानावार चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा सेफ सिटी कैंपेन चलाया हुआ है। उसके तहत हमे आमजन के साथ महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। महिला विरुद्ध अपराध में आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**डीसीपी पूर्व जोन गौरव राजपुरोहित ने कहा कि थाना व चौकियों पर आने वाली शिकायतों का कानून के दायरे में रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर** निपटारा समय पर करना जयरी है।

**सुरक्षा**

**8 पुलिस द्वारा सेफ सिटी कैंपेन चलाया हुआ है। आमजन के साथ महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है**

सुनिश्चित करें व अनुसन्धाधीन मामलों का निपटारा चरणबद्ध रूप से कम किया जाए ताकि आपराधिक न्याय व्यवस्था में लोगो का विश्वास बढ़े व पीड़ित पक्ष को उचित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले लोगों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निपटारा कर पुलिस विभाग की छवि के लिए काम करें। साथ ही नशे की व्यापक स्तर पर तस्करी करने वालो के खिलाफ ठोस कार्य योजना तैयार की गई ताकि युवा पीढ़ी को इसकी गिरफ्त में आने हेतु उचित कदम उठाए जा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को टीम के तौर पर अच्छी नियत के साथ ईमानदारी से कार्य करें। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र से शीघ्र निपटारा करवाए। पुराने वाहन जो थानों में खड़े हैं उनको डिस्पोज करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसएचओ को निर्देश दिए की अपने अपने थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले,ओवर स्पीड,बिना नंबर प्लेट तथा बुलेट वाहनों से पटाखे बजाने वालो वाहन

चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त व प्रभावी कारवाही करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगो को सख्त कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। ईमानदारी व नेक नीति से बिना किसी के दबाव में आकर अपना कार्य करें। पुलिस की छवि को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना है।

# दिन भर में सरकारी दरों पर 170 क्विंटल सरसों की हुई खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत-खरखौदा** सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में सरकारी खरीद दूसरे दिन शुरू होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों की सरसों को सुबह 10 बजे के बाद नमी की मात्रा जांचने के बाद सरकारी दरों पर खरीदा गया। मिली जानकारी के अनुसार दिन भर में 170 क्विंटल सरसों की फसल खरीदी गई। रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्या के चलते किसानों को कम दामों पर सरसों की फसल को बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा था। जिसके चलते किसानों में नाराजी बढ़ती जा रही थी। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से किसानों की वैरिफिकेशन का डाटा मिस होना बताया जा रहा था। उक्त समस्या को प्रशासन की तरफ से दूर कर दिया गया है। बता दें कि रबी खरीद सीजन के दौरान सरकार द्वारा गेहूं और सरसों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदा जाता है। सरकार द्वारा सरसों के लिए जहां 5650 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है, वहीं गेहूं के लिए 2250 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

प्रदेश सरकार की तरफ से मंडियों में स्थित सरकारी केंद्रों पर सरसों की खरीद प्रक्रिया 26 मार्च से शुरू हो गई थी, लेकिन काफी किसानों का डाटा मिस मैच मिलने के कारण गेट पास नही कट पाए थे। जानकारी के अनुसार गत दिनों पहले मांगों को लेकर पटवारी हड़ताल पर बैठ गए थे। जिसके चलते किसानों की फसल का डेटा अपलोड नहीं हो पाया था। मंडी में फसल लेकर पहले दिन पहुंचे किसानों को निराशा हाथ लगी थी।

उन्हें फसल को वापिस लेकर जाने पर मजबूर होना पड़ा था। दूसरे दिन जिला प्रशासन की तरफ से डाटा को ठीक करने के बाद फसल प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सकी।

# आदर्श नगर : अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया रंगोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में आदर्श अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह और हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के सम्मानित लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सुबह नाश्ते के साथ होली मिलन की शुरूआत की गई। इसके बाद हास्य कवियों ने ऐसा समा बांधा कि सभागार में हर कोई ठहाके लगाता दिखा। इस मौके पर मंच का संचालन ट्रस्ट के उपप्रधान मनीष कंसल ने किया।

इस अवसर पर आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने शिरकत की और ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पार्षद सुमन शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद सुमन शर्मा ने लोगों को होली की बधाई दी और ट्रस्ट के कार्यों की सराहना भी की।

**कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन:** कार्यक्रम के दौरान बड़े ही भव्य रूप में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों के मंच का संचालन अनिल अग्रवंशी ने किया। वहीं, कवि रसिक गुप्ता सहित कई कवियों ने होली के गीत व कविताएं सुनाई।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस अवसर पर मास्टर जयकिशन गोयल वाईस चेयरमैन, राकेश बंसल वाईस चेयरमैन, प्रधान राजीव गोयल, उपप्रधान मंनीष कंसल, कोषाध्यक्ष निकेश, राम भगत सचिव, रामकरण कंसल मुख्य सलाहकार, राजेश मित्तल, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, लखपत बंसल, धर्मपाल गोयल, सुशील जिंदल, तरूण गुप्ता, पवन जिंदल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मृतक कर्मचारी के परिजनों के पास पहुंचे दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन वार्ड संख्या 1 में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी धनराज नामक सफाई कर्मचारी ने अपने सुपरवाइजरों द्वारा तंग करने के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक कर्मचारी के पास से मिले सुसाइड नोट के मुताबिक कर्मचारी के सहायक सफाई निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षक क्रमशः देवेंद्र एवं केवल कृष्ण ने कर्मचारी को बहुत तंग कर रखा था जिसके चलते वह आत्महत्या करने पर मजबूर हुआ। सुसाइड नोट में कर्मचारी ने लिखा है कि उससे साठ हजार रुपयों की मांग की जा रही थी जिसके न देने पर उसकी नौकरी खराब करने की धमकी दी जा रही थी जिसके चलते उसने खुदकुशी कर ली। इस दुःखद घटना का संज्ञान लेकर कर्मचारी के परिजनों से मिलने दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कर्मचारी के निवास पर पहुंचे। चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि बहुत ही संवेदनशील दुःखद घटना है , मृतक के परिवार में उसकी पत्नी एवं पांच साल का बेटा है। कर्मचारी किराए के मकान में रहता था। गहलोत ने कहा कि ये सच्चाई है कि निगम के दरोगा इंस्पेक्टर इस तरह से नाजायज कृत्य कर रहे हैं। कई बार आयोग में भी इस तरह की शिकायत आती है।

## समाज की तरक्की में शिक्षा ही कारगर हथियार: राजव्रत आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** होली के पावन पर्व पर नरेला की साथ संगत ने अपने पूर्वजों की समाधि पर उनकी स्मृति में पवित्र यज्ञ का आयोजन भाई ओमप्रकाश साध के सानिध्य में किया। इसके यजमानों में सपत्नीक योगेश, राकेश, संदीप साध रहे। इसमें नरेला क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य नागरिकों ने हिस्सेदारी की। चौधरी करतार सिंह खत्री, हंसराज खत्री, सुल्तान सिंह चोपड़ा, वेद प्रकाश निरवाल, देवेंद्र भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, आचार्य देव केतु, महेंद्र सिंह प्रधानाचार्य, डॉक्टर रितु आर्या, डॉक्टर चंचल आर्या, राजपाल साध, भाई बालकिशन, मुकेश कुमार, धर्मवीर आर्य, प्रमोद साध, जनकवि जय नारायण आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि इतिहासकार कामरेड नरेश गुप्ता ने होली के पावन पर्व पर उपस्थित सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए भारत में विविधतापूर्ण




त्यौहारों की कड़ी में इस पर्व को आपसी सौहार्द और एकता भाईचारे का प्रतीक बताया। इस पावन पर्व पर सब मिलकर अपने गिले शिकवे भुलाकर एक हो जाते हैं। फिर भी कुछ संकुचित विचारों के लोग इस अवसर पर भी नफरत बरकरार रखते हैं हमें जरूरत है उन्हें बदलने की। ताकि अलग-थलग पड़ा समाज एक होकर तरक्की कर सके। दूसरे अन्य विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ पत्रकार राजव्रत ने सभी को मुबारकबाद देते हुए कहा कि आज समाजिक तरक्की के लिए शिक्षा सबसे जरूरी हथियार है। भारत में महिला शिक्षा की पहली शिक्षिका ज्योतिबा फुले ने समाज में अनेकानेक कष्ट तकलीफ और हमले सहकर भी पहली महिला पाठशाला की शुरूआत की थी। हम सभी देशवासियों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। हम कम खाएं लेकिन बच्चों को तर्क आधारित वैज्ञानिक शिक्षा दिलवाएं।

यज्ञ के पुरोहित डॉक्टर कुलदीप आर्य ने कहा कि अपने लिए तो सभी जी लेते हैं लेकिन हमें जरूरत है दूसरों के लिए जीने की उनके दुख दर्द तकलीफों में हाथ बताने की तभी इस समाज का कल्याण हो सकता है।

# मॉडल टाउन विधानसभा: स्वर्गीय रामलाल असड़ी की मनाई गई 100वीं जन्म जयंती






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुप्ता कॉलोनी में रहने वाले व भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक पूर्व निगम पार्षद व प्रसिद्व समाजसेवी स्वर्गीय रामलाल असड़ी की 100वीं जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडारे की भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संस्थाओं व भाजपा नेताओं ने स्वर्गीय रामलाल असड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्वांजलि अर्पित की। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें की क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने भंडारा खाया।

**कई गणमान्य लोगों ने अर्पित किए पुष्प:** इस दौरान चांदनी चौक से जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, निगम पार्षद विकेश सेठी, निगम पार्षद रेनू अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पार्षद सुशील जोंटी, लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नेता हरीश असड़ी, मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, कैलाश असडी, राजीव असडी, हिमांशु असड़ी, पल्लवी असड़ी, अंश असड़ी, मनी असडी बहल, भाजपा नेता शिव चरण योगी, हर्ष असडी, नीरज असडी, हिमांशु असडी, लज्जा राम साहू, संगीता मोंगा, शेफाली मनचंदा, श्वेता जैन, बीना बहल, एसएस संधू, बब्बी सभरवाल, अंतुल कोहली, संजय मित्तल, अमनदीप सिंह, हरिशंकर, बाबू, देवेन्द्र, महेश श्रीवास्तव, सोनपाल सहित कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

# चांदनी चौक सीट से कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारों के नाम को लेकर हुआ मंथन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आगामी लोकसभा चुनाव** को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों कमर कसकर तैयारियों में जोरों शोरों से जुटी हुई है। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार भी मैदान में उतार दिए है। तो वहीं चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारों के नाम को लेकर मंथन भले ही अभी भी चल रहा हो, लेकिन कांग्रेस की ओर से चुनाव को लेकर बैठकों का दौर भी निरंतर रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में एआईसीसी के ऑब्जर्वर राहुल रिचरिचिया के निर्देश पर चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र स्थित कमला नगर में बैठक का आयोजन किया गया।

**कई पदाधिकारी बैठक में रहें शामिल:** बैठक का आयोजन कमला नगर से नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नीरज मित्तल के कार्यालय में किया गया। इस दौरान एआईसीसी ऑब्जर्वर जिला चांदनी चौक नवरूप सिंह संधू और एआईसीसी कॉ-ऑर्डिनेटर संदीप पाटिल, राणा प्रताप बाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जे. के. डावर, संगम पार्क ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार टांक, मॉडल टाऊन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा के साथ-साथ मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र संख्या 18 के बीएलए और चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रविंद्र दूबे बैठक में शामिल रहें।

**चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कमल का होगा सुपड़ा साफ:** इस मौके पर जज कुमार डावर ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर हमारी पार्टी भी पूरी तरह से तैयार है और चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे भावी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगा।

वहीं नीरज मित्तल ने कहा कि भले ही चांदनी चौक लोकसभा सीट से अभी हमारी पार्टी के प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, लेकिन हम हमारे भावी उम्मीदवार को जिताने के लिए दिन रात एक कर देंगे और भारी वोटों के मार्जन से चांदनी चौक लोकसभा सीट पर हाथ की छाप छोड़ेंगे।

## माँ हंसवाहिनी साहित्यिक मंच ने मनाया होली उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** माँ हंसवाहिनी साहित्यिक मंच के द्वारा होली मंगल मिलन व काव्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रकाशक डॉ चेतन आनंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि रहीं वरिष्ठ कवयित्री वसुधा कनुप्रिया एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ पूनम माटिया की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम संस्था की उपाध्यक्ष ममता लड़ीवाल ने सभी आमंत्रित कवियों का स्वागत किया, मंच के अध्यक्ष जगदीश मीणा, महासचिव मनोज कामदेव एवं कोषाध्यक्ष शोभा सचान ने सभी मंचीय अतिथियों को पुष्प गुच्छ, पुष्प माला एवं अंगवस्त्र पहना कर उनका स्वागत किया।

# नरेला विधानसभा: सुभाष रामलीला ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी रामलीलाओं में शुमार सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के सफियाबाद रोड़ स्थित आयुष्मान गार्डन में भव्य होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के हजारों लोग शामिल हुए। और प्रेम, उमंग और एकजुटता की भावना से एक दूसरे को चंदन लगाकर गले मिलकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई। बाहरी दिल्ली के नरेला में सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब द्वारा सफियाबाद रोड स्थित आयुष्मान गार्डन में रंगों व उल्लास का पर्व होली त्यौहार भव्य कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियो और क्षेत्रीय गणमान्य लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। इस दौरान कलाकारों ने राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। कलाकारों के साथ लोगों ने जमकर फूलों की होली भी खेली और मधुर संगीत, गीतों पर जमकर नृत्य किया। सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने सभी को होली की बधाई दी और कहा कि होली के रंग प्रेम के रंग हैं होली आपसी द्वेष और अहंकार मिटाने वाला त्यौहार है यह प्रेम की जीत का पर्व है सभी को आपसी के लिए शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों के लिए गर्मागर्म स्वादिष्ट भोजन, मिष्ठान व चांदनी चौक के खोमचे परोसे गए। कार्यक्रम में अलीपुर से निगम पार्षद योगेश राणा, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, आरके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा, नरेला मंडल अध्यक्ष प्रताप दहिया, मुकेश मान, पवन खत्री (मोनी) सूरजमल खत्री, मनोज बंसल, वीरेंद्र कौशिक, सौरभ खत्री, प्रदीप खत्री ठोलेदार, ललित खत्री, सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब से मोहनपुरी, लोकेश गर्ग, विष्णु भारद्वाज, मोहित गुप्ता, संदीप मंगला, संजय बंसल, धर्मपाल वर्मा, अनिल गर्ग, सोनी पालीवाल, नितिन कपूर, जयदीप, ओम दत्त शर्मा, राकेश, सचिन कौशिक, नितेश, पंकज, दीपक, मोहित गौतम, निपुण गुप्ता, इंदर शर्मा, चरण सिंह मौजूद रहे।

# बिप्लब कुमार देब के नामांकन में शामिल होने त्रिपुरा पहुंचे सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल

**नामांकन**

**8 नायब सैनी और मनोहर लाल ने त्रिपुरा की जनता को हरियाणा की ओर से किया राम राम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के त्रिपुरा वेस्ट लोकसभा से नामांकन भरने के कार्यक्रम में शामिल होने त्रिपुरा पहुंचे। नामांकन भरने से पहले बिप्लब कुमार देब के समर्थन में एकत्रित हुए लोगों के सामने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने त्रिपुरा और हरियाणा के संबंधों को भविष्य में और भी अधिक गहरे होने की बात कही। उन्होंने बिप्लब कुमार देब को जनसेवक बताते हुए लोगों से अपील की कि वे बिप्लब कुमार देब को ऐतिहासिक मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें। बिप्लब कुमार देब ने भी हरियाणा से पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल, हरियाणा के चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित तमाम नेताओं का आभार भी व्यक्त किया। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. मानिक साह ने अगरतला स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने त्रिपुरा के लोगों को हरियाणा की ओर से राम-राम बोलते हुए कहा कि बिप्लब कुमार देब लोगों के दिलों की धड़कन हैं और आप सभी लोगों के सुख-दुख के साथी हैं तथा आप लोग भी बिप्लब कुमार देब को चाहते हैं। श्री सैनी ने बिप्लब कुमार देब की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री देब ने प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा की कमान भी बड़ी मजबूती से संभाली हुई है तथा प्रधानमंत्री मोदी को यह गारंटी दी है कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि त्रिपुरा की दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जीताकर संसद में भेजें।

नायब सैनी ने जनता में जोश भरते हुए जय श्रीराम, भारत माता की जय के नारे लगवाएं। उत्साहित लोगों ने भी भाजपा अबकी बार 400 पार के नारे लगाते हुए मोदी जिंदाबाद, बिप्लब कुमार देब जिंदाबाद के नारों से माहौल को भाजपामय बना दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य, देश और प्रदेश की तरक्की के लिए भाजपा सरकार जरूरी है, इसलिए सभी लोग कमल का बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का काम करें। यहां नायब सैनी ने बिप्लब कुमार देब को ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई भी दी।

# हिमाचल दिवस पर जिला स्तरीय समारोह के आयोजन की तैयारियों पर बैठक

**बैठक**

**8 आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई**



**हिमाचल** दिवस पर जिला स्तरीय समारोह के आयोजन के लिए आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।
अजय कुमार यादव ने कहा कि इस बार समारोह के दौरान लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता व भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 अप्रैल को हिमाचल के गठन का यह पर्व सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा।
इसमें पुलिस व गृह रक्षक जवानों, एन.सी.सी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं परेड में भाग लेंगे। विभिन्न स्कूलों व अन्य संस्थानों की ओर से हिमाचल तथा विशेषतौर पर सोलन की लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त निर्वाचन विभाग के सहयोग से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत भी प्रस्तुति दी जाएंगी।
अजय कुमार यादव ने सभी सम्बन्धित विभागों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने शहीदी स्मारक की साफ-सफाई, बैठने की समुचित व्यवस्था, मंच तथा मैदान की सजावट सहित अन्य सभी प्रबंध समय रहते पूर्ण करने को भी कहा।
बैठक का संचालन सहायक आयुक्त विवेक शर्मा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन ने आयोजित की भारतीय चुनाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के तत्वधान में एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन द्वारा श्भारतीय चुनावश विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारतीय डाकघर, यूको बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी कोलडैम तथा केंद्रीय विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। एनटीपीसी कोलडैम के महाप्रबंधक (हाइड्रो इंजीनियरिंग) श्री मधुकर अग्रवाल ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न संस्थानों से आये हुए प्रतिभागियों को शुभकानाएं दी तथा राजभाषा को अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की प्रतियोगितओं के आयोजन से विभिन्न विभागों में सेवारत कर्मचारियों के विचारों के आदान प्रदान से राजभाषा के प्रचार प्रसार में बढावा मिलेगा। इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, अग्रिणी जिला प्रबंधक, यूको बैंक, मंगत राम, निदेशक, यूको बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर, सुगाता दासगुप्ता अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी कोलडैम ने प्रतिभागियों का मनोबल बढाया। इस कार्यक्रम का समन्वय डाॅ. अविनाश पाठक, प्रबंधक (राजभाषा) एनटीपीसी कोलडैम ने किया।

### सभी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र अपने नजदीकी थाना या किसी भी शस्त्र विक्रता के पास जमा करवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा 27 मार्च ( कुलदीप सिंह )**
लोकसभा चुनाव तारीखों का ऐलान होने के बाद पुलिस के हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है उपमंडल समालखा से पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील करते हुए कहा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसलिए सभी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र अपने नजदीकी थाना या किसी भी शस्त्र विक्रता के पास जमा करवाएं और उसकी रसीद भी प्राप्त करें। उन्होंने अपने क्षेत्र में आने वाले सभी लाइसेंस धारकों के शस्त्रों को जमा करवाना सुनिश्चित करवाएं, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्वक ढ़ंग से सम्पन्न हो सके।

### छाजपुर में गठित की किसान कमेटी

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर और किसान सभा की सदस्यता अभियान के तहत गांव छाजपुर खुर्द के अंदर सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता किसान सतपाल ने की। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला सचिव राजपाल और जिला उप प्रधान प्रीतम रावल ने कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ काम कर रही है। किसान आंदोलन के दौरान किए गए वादों को पूरा न करके न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसनो की फसलों को मंडी के अंदर नहीं खरीदा जा रहा है। वर्तमान समय में अनाज मंदिरों के अंदर पिछले लगभग एक महीने से सरसों की फसल आ रही है लेकिन किसान सभा के संघर्ष के बाद लगभग 1 महीने बाद हरियाणा सरकार द्वारा 26 मार्च 2024 से सरकारी खरीद का सर्कुलर जारी किया है। उसके बावजूद सरसों की फसल की खरीद नहीं हो रही है। जिसकी अखिल भारतीय किसान सभा कड़े शब्दों में निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि सरसों की फसल की तुरंत खरीद की जाए।

## सड़क दुर्घटना में चंडीगढ़ निवासी युवक की मौत, एक घायल

**ग्रोवर**
**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू**
पिंजौर परवाणू बाईपास पर टिपरा गाँव के नजदीक बुधवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में चंडीगढ़ निवासी एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक घायल हो गया।
जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी दो युवक अपनी बाइक पर परवाणू की तरफ आ रहे थे, इसी बीच टिपरा के नजदीक बाइक चालक संतुलन खो बैठा, जिससे बाइक साथ लगते डंगे से जा टकराई। हादसे में चंडीगढ़ के मौलीजागरा निवासी सौरभ पाण्डेय की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना में मृतक का दोस्त सुमित भी घायल हुआ है।

# पांचाल समाज ने किया डॉक्टर कमल गुप्ता का अभिनंदन: सुधीर पांचाल बड़ाला

**अभिनंदन**

**8 पांचाल समाज ने किया डॉक्टर कमल गुप्ता का अभिनंदन - सुधीर पांचाल बड़ाला**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति हिसार की ओर से डॉक्टर कमल गुप्ता को दोबारा कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर उनके आवास पर जाकर पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉक्टर कमल गुप्ता ने नगर निकाय मंत्री रहते हुए हिसार व पूरे हरियाणा में नगर पालिका संस्थाओं में अनेक योजनाएं चलाकर नगर निकाय में सुधार करने का काम किया। हरियाणा सरकार ने व भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉक्टर कमल गुप्ता को स्वास्थ्य विभाग व अन्य तीन मंत्रालय की जिम्मेदारी देकर पूरे हिसार जिले का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। हिसार वासियों को उम्मीद है कि आपके कुशल नेतृत्व से स्वास्थ्य सेवाओं का सरलीकरण करके आम आदमी व गरीब आदमी तक पहुंचाने में सहायक होंगी।

समिति के प्रधान सुधीर पांचाल बड़ाला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि डॉक्टर कमल गुप्ता का राजनैतिक जीवन बहुत ही सैद्धांतिक रहा है। डाक्टर साहब हमेशा ईमानदार, सच्चाई और कृतव्य निष्ठता के धनी रहे हैं। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि स्वास्थ्य विभाग में अवश्य ही जल्द ही बदलाव देखने को मिलेंगे जिससे आमजन को फायदा मिलेगा। डॉक्टर कमल गुप्ता के स्वास्थ्य मंत्री बनने से हिसार शहर में एक नई उम्मीद की किरण पैदा हुई है ताकि हिसार शहर को एक नए हॉस्पिटल की बिल्डिंग मिल सके।

अभिनंदन के अवसर पर छात्रावास समिति के प्रधान सुधीर पांचाल बडाला, उप प्रधान राजकुमार ठेकेदार, श्रीभगवान पांचाल, महासचिव सुभाष तावड़ा, सचिव विजेंद्र विश्वकर्मा, सज्जन पांचाल, संदीप पांचाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन : नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता का अभिनन्दन करते श्री विश्वकर्मा पांचाल छात्रावास समिति के प्रधान सुधीर पांचाल व अन्य सदस्य।

# विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपये ठगने के मामले में बड़ी कारवाई

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
जिला की सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने *पुलिस अधीक्षक जींद श्री सुमित कुमार* के कुशल नेतृत्व में व *डी एस पी नरवाना श्री अमित कुमार* के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत *नरवाना सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह* की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपयों की ठगी करने के मामले में बड़ी कारवाई करते हुए सीवन जिला कैथल से कबूतरबाजी के आरोप में एक एजेंट को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की




है ।पकड़े गए आरोपी की पहचान *दविन्द्र सिंह उर्फ काला वासी सींह जिला कैथल* के रूप में हुई है।
दिनांक 12.12.2023 को दीपक वासी लोन ने थाना गढ़ी में दरखास्त दी थी कि उसका भाई विकास एजेंटों के माध्यम से इटली के लिए रवाना हुआ था लेकिन वह इटली नहीं पहुंच पाया और वह लीबिया में फस गया बाद में लीबिया में उसकी हत्या कर दी गई । मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा की तफ्तीश सीआईए नरवाना को सौंपी गई । सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए मुकदमा में 3 आरोपियों को पहले ही दबोच लिया था चौथे आरोपी को कल सीवन जिला कैथल से काबू करके गिरफ्तार कर लिया गया है ।
आरोपी को आज पेश अदालत करके 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है दौरान रिमांड गहनता से पूछताछ की जाएगी ।

## सी विजिल पर करें शिकायत, 100 मिनट में होगा निस्तारण

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वरिष्ठ कोषाधिकारी, नोडल प्रभारी निर्वाचन व्यय अनुरक्षण मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से यदि कोई व्यक्ति नकद या वस्तु के रूप में कोई परितोष देता है या लेता या कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है या रिश्वत की पेशकश करता है या किसी अन्य माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है, तो ऐसे सभी प्रकरणों की शिकायत सामान्य जनता द्वारा सी विजिल एप पर की जा सकती है।

# सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी अनाज मंडियां बंद करना चाहती है: गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं करने से आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। जबकि सरकार को सरसों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके उनको 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन देना चाहिए। इसी प्रकार सरकार ने गेहूं पर आढ़तियों का जो 55 रुपए 87 पैसे कमीशन बनता है उसमें कटौती करके 45 रुपए 88 पैसे करके 9 रुपए 99 पैसे व धान पर 55 रुपए 07 पैसे कमीशन की जगह 45 रुपए 88 पैसे देकर 9 रूपए 19 पैसे कम देना सरासर गलत है जबकि अनेकों सालों से आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन मिलता था। उसी प्रकार सरकार को हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत कमीशन देना चाहिए। सरकार ने हरियाणा मार्केट बोर्ड बनाकर हरियाणा में जगह-जगह अनाज मंडिया बनाई हुई है और आढ़ती मार्केट बोर्ड से लाइसेंस लेकर मंडियों में व्यापार कर रहे हैं और आढ़तियों ने मंडी में व्यापार में करोड़ों रुपए लगाए हुए हैं। आढ़तियों के पास अनाज खरीद के माध्यम से कमीशन ही कमाई सिर्फ एकमात्र माध्यम है अगर सरकार अनाज खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से नहीं करेगी तो आढ़ती मंडी में दुकान करके क्या करेगा यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। बजरंग गर्ग ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से आढ़ती,किसान व मजदूर विरोधी सरकार है। सरकार आढ़तियों का व्यापार खत्म करके सरकारी मंडियां बंद करने पर तुली हुई है जो सरासर गलत है। एक तरफ तो सरकार व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है और उद्योगों के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने का जुमलेबाजी कर रही है। दूसरी तरफ मंडियों का व्यापार खत्म करने में लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा की मंडियों में लगभग 40 हजार आढ़ती व्यापार कर रहे हैं और सैकड़ो व्यापारी गांवों से अनाज भर्ती का काम करते हैं।

# सभी को एकजुट होकर भाजपा को सिखाना होगा सबक: खोवाल

**आक्रोश**

**8 - लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर भाजपा को सिखाना होगा सबक : लाल बहादुर खोवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने आक्रोश जताते हुए कड़ी निंदा की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र का गला घोटने और विपक्ष का दमन करने के लिए हर हद पार कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई जैसी सशक्त एजेंसियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने और उन पर दबाव बनाने के लिए ईडी व सीबीआई के माध्यम से रेड करवाई जा रही है। इतना ही नहीं नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने से भाजपा गुरेज नहीं कर रही है।
एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा को ऐसी हरकतों के लिए सबक सिखाने हेतु सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विपक्षी नेताओं के साथ-साथ किसान, मजदूर, गरीब व पिछड़ा वर्ग को भी नहीं बख्शा है। हर वर्ग को किसी न किसी माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। कानून व्यवस्था का दीवाला निकल चुका है। किसानों पर अत्याचार करने का उदाहरण सभी के सामने है। खोवाल ने कहा कि तानाशाही रवैया अपनाकर भाजपा तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतकर अपना वर्चस्व कायम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितने अत्याचार कर ले और कितना ही प्रताड़ित कर ले लेकिन जनता अब जाग चुकी है। भाजपा अपनी पोल खुलने से बौखलाई हुई है। खोवाल ने कहा कि भाजपा की सच्चाई अब जनता के सामने आ चुकी है और जनता इस सरकार को बदलने का मन बना चुकी है।
लोगों को पता लग गया है कि झूठे वादे करके और भ्रमित करके भाजपा केवल वोट हथियाने का काम करती है। इसलिए लोकसभा चुनाव और आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा।

# मोदी जिसको कोयला चोर कहते थे अब वह कोहिनूर हो गया : डॉ. सुशील गुप्ता

**चुनावी यात्रा**

**8 नवीन जिंदल डरा हुआ है, डरा हुआ सांसद कभी भी जनता का भला नहीं कर सकता: डॉ. सुशील गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया/ पेहवा/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को पेहवा विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री बलबीर सैनी, गुरविंदर सिंह नट, रघुबीर सिंह, मंदीप सिंह, सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, हरप्रीत चिमा, अमरीक सिंह, सरपंच साहब सिंह, गेहल सिंह संधू, हरमनदीप सिंह विर्क, एडवोकेट वीरभान और जगदीश राठी मौजूद रहे।
उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव खानपुर रोडान से शुरू की। इसके बाद वे गांव कमोदा में लोगों से मिले। वहां से खिजरपुरा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद लोहार माजरा गांव में पहुंचे। यहां से गांव गढ़ी रोडान, भोर साधन, मुकीम पुरा, गढ़ी सिंघा, गांव सिंहपुरा, गांव भैंसी माजरा, गांव सारसा, गांव मुर्तजापुर, गांव बीबीपुर और संधौली संधौला पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। यात्रा का समापन शाम को पेहवा के गांव बलोचपुरा में हुआ।
उन्होंने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। देश के संविधान और लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में चिल्लाकर जिसे कोयला चोर कह रहा था, 2014 से लेकर अब तक जिस पर कई एफआईआर हुई और जिसके पीछे ईडी लगी रही। वह आदमी 82 करोड़ रुपए का चंदा देने के बाद दूध का धुला हो गया। इतने मुकदमे होने के बाद कोयला चोर अब कोहिनूर हो गया। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल आदमी खराब नहीं है लेकिन वह डरा हुआ है। यदि एक सांसद डर गया तो वह जनता का क्या ख्याल रखेगा। नवीन जिंदल डंडे के डर पर भाजपा में आया है। जबकि हमारे नेता कई कई साल से जेल में पड़े हैं लेकिन डरे नहीं।
उन्होंने कहा कि अब भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया और कांग्रेस के सभी खाते सील कर रखे हैं, लेकिन झुकेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन को लोकसभा की सभी 10 सीटों पर जिताएंगे। सरकार की ये जो तानाशाही है ये सही नहीं है।

# मैं किसी पार्टी की टिकट कि दौड़ में नहीं कृपया फोन कर परेशान ना करे: जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
1 साल पहले रोहतक पीजीआई में चल रही भर्तियों में हरियाणा से बाहर के बच्चो को भर्ती किया जा रहा था। जिसे लेकर विवाद हुआ और नवीन जयहिन्द, सोनू मलिक (मोखरा), नवीन मलिक व साथ ही उस समय के पीजीआई में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर शर्मा पर केस हुआ जिसके लिए नवीन जयहिंद सोनू मालिक (मोखरा)10 दिनों तक रोहतक की सुनारियां जेल में भी गए। इसी मामले को लेकर बुधवार 27 मार्च 2024 को नवीन जयहिन्द, सोनू मलिक, नवीन मलिक, ईश्वर शर्मा की रोहतक



कोर्ट में पेशी हुई। जिसमे एडवोकेट गौरव भारतीय व एडवोकेट मदनलाल भारतीय उनके साथ रहे। कोर्ट द्वारा अगली सुनवाई मई 2024 की दी गई।

जयहिन्द ने बताया की वहां हरियाणा के बच्चों की जगह बाहरियों को भर्ती किया जा रहा था और जब हमे पता चला तो भर्ती कर रहे अधिकारी द्वारा पहले बुजुर्ग चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर शर्मा पर हाथ उठाया गया और बाद में झगड़ा बढ़ गया। अभी भी सरकार की तरफ से लेटेस्ट नोटिफिकेशन यही आया है की जो सोशलझ्रइकॉनोमी के 5% नंबर सिर्फ हरियाणा के बच्चो को मिलने चाहिए वे नंबर हरियाणा से बाहर के बच्चो को भी मिलेंगे। इसका मतलब साफ है जो 65 हजार भर्तियां अब हरियाणा में होनी है उनमें कोई हरियाणा का बच्चा नहीं लगेगा।
जयहिंद ने कहा कि वे प्रदेश के युवाओं के लिए लड़ रहे थे और आगे भी लड़ेंगे ।

